उज्जैन
मंगलवार
30
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-237
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ 8 किलो गांजा के साथ मिली नोट गिनने की मशीन, 22 कारतूस

7 ▶ आईपीएल क्रिकेटर शशांक, उनके आईपीएस पिता पर भोपाल में एफआईआर

### ट्रम्प बोले- आज कतर में अमेरिका-ईरान की बातचीत होगी



**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच अहम बातचीत होगी। ट्रम्प का कहना है कि ईरान ने खुद इस बैठक का अनुरोध किया था। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच 17 जून को हुए समझौता ज्ञापन को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। मेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ दोहा के लिए रवाना हो चुके हैं। हालांकि, यह साफ नहीं किया गया कि ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर उनके साथ यात्रा कर रहे हैं या नहीं।

### इंडिगो की अहमदाबाद-मुंबई फ्लाइट की सूरत में इमरजेंसी लैंडिंग

**सूरत।** अहमदाबाद से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-7018 में सोमवार शाम 3 साल का बच्चा बेहोश हो गया। उसकी हालत बिगड़ने पर पायलट ने मेडिकल इमरजेंसी घोषित की। फ्लाइट की सूरत एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बच्चे को सूरत के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बच्चे की पहचान सौरभ के रूप में हुई है। फ्लाइट में मौजूद दो डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक इलाज देने की कोशिश की, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर सूरत एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति मांगी। मेडिकल इमरजेंसी की सूचना मिलते ही सूरत एयरपोर्ट को अलर्ट कर दिया गया।

### बंगाल विधानसभा में एंटी-गुंडा और ओबीसी आरक्षण बिल पास



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा ने सोमवार को कानून-व्यवस्था और ओबीसी आरक्षण से जुड़े चार बिल पास कर दिए। इनमें एंटी-गुंडा कानून के तहत पुलिस अब कुछ मामलों में बिना ट्रायल के 12 महीने तक हिरासत में रख सकेगी। वहीं, ओबीसी आरक्षण से जुड़े दो संशोधन बिलों को भी मंजूरी मिल गई। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट 2 जुलाई को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। बिल अगस्त में विधानसभा में पेश किया जाएगा।

### राममंदिर चोरी- 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**अयोध्या/लखनऊ।** राम मंदिर ट्रस्ट की 11 जुलाई को होने वाली बैठक अब 6 जुलाई को अयोध्या में होगी। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक मणि रामदास जी की छावनी की जगह कारसेवक पुरम में हो सकती है। दिन और जगह क्यों बदला गया, इस बारे में पता नहीं चल पाया है। वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद चंपत राय दिल्ली चले गए। इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील अनूप अवस्थी की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है? छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा।

### सीएम योगी आज 4 घंटे बरेली में रहेंगे, पीडब्ल्यूडी के विकास कामों की समीक्षा करेंगे



**बरेली।** सीएम योगी आज मंगलवार को बरेली आएंगे। दोपहर में पहुंचेंगे, करीब 4 घंटे शहर में रहेंगे। वह लोक निर्माण विभाग के विकास कामों की समीक्षा करेंगे। चार जिलों के अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था और विकास योजनाओं की बैठक लेंगे। सीएम के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के लिए 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है और शहर में यातायात डायवर्जन भी लागू रहेगा। मंगलवार की बैठक में लोक निर्माण विभाग वर्ष 2026-27 की मंडलीय कार्ययोजना मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

### जर्मनी के यूथ वेलफेयर फैसिलिटी में गोलीबारी 5 लोगों की मौत

**स्टाडे।** जर्मनी के उत्तरी शहर स्टाडे में सोमवार को एक यूथ वेलफेयर फैसिलिटी में गोलीबारी हुई। इस हमले में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। यूथ वेलफेयर फैसिलिटी ऐसी जगह होती है जहां अनाथ बच्चों और किशोरों (आमतौर पर 10 से 18 साल तक) की देखभाल, सुरक्षा और मदद की जाती है। पुलिस ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें वह व्यक्ति भी शामिल है, जिस पर गोली चलाने का आरोप है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि हमला क्यों किया गया।

## बेंगलुरु में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग मामलों में दो युवतियों की हत्या

# युवक ने डिनर पर बुलाकर गला काटा, फिजियोथेरेपिस्ट कमरे में मृत मिली

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ बेंगलुरु**

बेंगलुरु में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग मामलों में दो युवतियों की हत्या कर दी गई। दोनों युवतियों की हत्या का आरोप उनके बॉयफ्रेंड पर है। एक युवती के परिवार ने बॉयफ्रेंड पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। वहीं एक अन्य मामले में तीन लोगों ने बीच रोड पर एक शख्स का मर्डर कर दिया।

### पहली घटना

पहली घटना महालक्ष्मी लेआउट से सामने आई, जहां शादी को लेकर हुए झगड़े के बाद 23 साल की अंजलि की उसके प्रेमी राजीव ने हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों तीन साल से ज्यादा समय से रिलेशन में थे। हालांकि, राजीव के आपराधिक रिकॉर्ड के चलते अंजलि का परिवार रिश्ते के खिलाफ था।



रविवार शाम को राजीव ने अंजलि को डिनर के लिए बुलाया। युवक ने अंजलि फिर से शादी के लिए प्रपोज किया। लेकिन अंजलि के मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान राजीव ने अंजलि की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दूसरी घटना

चिक्काबल्लापुर जिले के पर्यटन स्थल नंदी हिल्स के पास एक फिजियोथेरेपिस्ट बंद रिसॉर्ट के कमरे के अंदर मृत पाई गई। बगल में ही उसका बॉयफ्रेंड बेहोश पड़ा था। युवक पेशे से कैब ड्राइवर है। पुलिस ने प्राथमिक जांच में बताया है कि युवक ने युवती की हत्या करने के बाद सुसाइड की कोशिश की थी।



### परिवार ने लगाया लव जिहाद का आरोप

मृतक की पहचान साईं सुरभि के रूप में हुई है, जो सत्य साईं अस्पताल में फिजियोथेरेपिस्ट थीं। वहीं उसका प्रेमी संजीत अली केरल के कोझिकोड का रहने वाला है। अली पिछले कुछ सालों से बेंगलुरु में कैब ड्राइवर है। सोमवार सुबह जब दोनों समय पर चेक आउट करने रिसेप्शन पर नहीं पहुंचे तो कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया। काफी कोशिशों के बाद भी गेट नहीं खुला तो स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर सुरभि की लाश पड़ी थी। वहीं, अली बेहोशी की हालत में था, जिसे पास के एक हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। सुरभि के परिवार ने लव-जिहाद का आरोपा लगाया है।

### तीसरी घटना

रविवार शाम को बेंगलुरु के जेपी नगर में बीच रोड पर तीन हथियारबंद हमलावरों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। आईजी सर्कल के पास हुई यह वारदात एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज में हमलावरों को पीड़ित का पीछा करते हुए और फिर सबके सामने उसे बार-बार चाकुओं से वार करते हुए देखे जा सकते हैं। पीड़ित की पहचान राजा उर्फ हलमुक राजा के रूप में हुई है। मृतक का भी आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ मारपीट, लूट, जबरन वसूली जैसे कई मामले दर्ज थे।

# उज्जैन सहित पांच नए आयुर्वेद कॉलेजों की राह में स्टाफ संकट, 1570 पदों पर भर्ती अटकी

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन**



प्रदेश में आयुष सेवाओं को सशक्त बनाने और आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल मानव संसाधन की कमी के कारण गति नहीं पकड़ पा रही है। उज्जैन सहित प्रदेश के पांच नए सरकारी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं वेलनेस सेंटरों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं, लेकिन संचालन शुरू होने से पहले ही 1570 स्वीकृत पदों पर भर्ती लंबित होने से पूरी योजना प्रभावित होती दिखाई दे रही है।

करीब दस महीने पहले इन संस्थानों के संचालन के लिए पदों को मंजूरी मिलने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इसके चलते कॉलेज भवन तैयार होने के बाद भी शैक्षणिक और चिकित्सकीय गतिविधियां समय पर शुरू होने को लेकर संशय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में देरी के पीछे प्रशासनिक और वित्तीय स्तर पर कई बाधाएं सामने आई हैं। पहली बार सृजित किए गए अनेक पदों के लिए सेवा शर्तें और वेतनमान तय नहीं होने के कारण प्रस्ताव लंबित रहे। वहीं चतुर्थ श्रेणी के 855 पदों को नियमित भर्ती के बजाय आउटसोर्स के माध्यम से भरने के निर्णय के चलते भर्ती प्रस्ताव में बार-बार संशोधन करना पड़ा। परिणामस्वरूप फाइलें विभिन्न विभागों के बीच लंबे समय तक लंबित रहीं और नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 19 अगस्त 2025 को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में पांच नए सरकारी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालयों एवं वेलनेस सेंटरों के लिए कुल 1570 पदों को मंजूरी दी गई थी। इनमें 715 नियमित और 855 आउटसोर्सिंग पद शामिल हैं।
- स्वीकृत पदों में असिस्टेंट प्रोफेसर, रीडर, चिकित्सालय स्टाफ, महाविद्यालयीन कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी, मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ अधिकारी, सिम्यूलेशन अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी सहित अनेक शैक्षणिक, तकनीकी और प्रशासनिक पद शामिल हैं। सरकार की योजना थी कि भवन निर्माण पूरा होने के साथ ही स्टाफ की नियुक्ति कर इन संस्थानों का संचालन शुरू कर दिया जाए, लेकिन भर्ती में हुई देरी से यह लक्ष्य फिलहाल अधूरा नजर आ रहा है।

## 2029 से अमरनाथ के लिए

# केबल कार चलाने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ जम्मू-श्रीनगर**



अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु 2029 से बालटाल रूट पर केबल कार से सफर कर सकेंगे। केंद्र सरकार अगले साल अप्रैल से 11.6 किमी लंबे रोपवे प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू करने की तैयारी में है। परियोजना पूरी होने के बाद बालटाल से संगम टॉप तक पहुंचने में 5 से 8 घंटे की जगह 25 से 30 मिनट लगेंगे।

**अप्रैल 2027 से काम शुरू होगा; 5-8 घंटे का सफर 30 मिनट में पूरा होगा**

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार कर ली है। इसे केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। सूत्रों के मुताबिक नवंबर-दिसंबर में टेंडर जारी किए जाएंगे। अप्रैल 2027 से निर्माण शुरू होगा। 2029 तक इसे चालू करने का लक्ष्य है। केबल कार बालटाल के डोमेल गेट से चलकर संगम टॉप तक जाएगी। मुख्य गुफा और प्राकृतिक बर्फ के शिवलिंग की संवेदनशीलता को देखते हुए इसका आखिरी स्टेशन गुफा से करीब 2किमी पहले बनाया जाएगा। अभी बालटाल से अमरनाथ गुफा तक 14 किमी पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। केबल कार शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं को सिर्फ 2-3 किमी पैदल या पालकी से जाना होगा।

**पैदल ट्रैक के समानांतर रोपवे नहीं बनेगा-** सूत्रों के मुताबिक रोपवे मौजूदा पैदल मार्ग के बिल्कुल समानांतर नहीं बनेगा। इसे पहाड़ियों और गहरी खाइयों के ऊपर से सीधी हवाई लाइन में बनाया जाएगा। हालांकि, इसके टर्मिनल पैदल मार्ग से जुड़े रहेंगे, ताकि किसी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला जा सके।

## बंगाल के हल्दिया रिफाइनरी में लगी आग

# 10 से अधिक लोगों के झुलसने की खबर

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ हल्दिया**

पश्चिम बंगाल के हल्दिया पेट्रोकेमिकल संयंत्र में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। हादसे में कई लोगों के झुलसने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेल सेवा भी बाधित हुई है। हताहतों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है।

आज सुबह हल्दिया के चिरंजीपुर क्षेत्र स्थित पेट्रोकेमिकल संयंत्र में भीषण आग लग गई। इस घटना में कई लोग झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आग सुबह करीब 4 बजे लगी। यह आग नेफ्था गैस पाइपलाइन से रिसाव के कारण फैली। शुरूआत में काला धुआं दिखा, फिर लपटें तेज हो गईं। कुल नौ दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। डेढ़ घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। झुलसे लोगों में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आग से कई घर



और दुकानें जलकर राख हो गईं। हल्दिया-पानस्कुरा रेल सेवाएं भी बाधित हुई हैं। पाइपलाइन में आग लगने की वजह अभी तक पता नहीं चली है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## बिहार-छत्तीसगढ़ में 8 लोगों पर बिजली गिरी, मानसून मप्र-गुजरात में अटका

# यूपी में ई-रिक्शा पर पेड़ गिरा, 5 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ लखनऊ**

देश के 4 राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, छह राज्यों में तेज गर्मी हो रही है। हरियाणा और दिल्ली में पारा 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया।

यूपी में मानसून की एंट्री के लिए सिस्टम एक्टिव हो गया है। सोमवार को लखनऊ समेत 15 जिलों में तेज बारिश हुई। मिजार्पुर में बारिश के बाद अंडरपास में करीब 3 फीट पानी भर गया।

फिरोजाबाद के गांव में ई-रिक्शा पर नीम का पेड़ गिर गया, हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई।





2 लोग घायल हैं। बस्ती और महराजगंज में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई।

बिहार के 15 जिलों में सोमवार को आंधी के साथ बारिश हुई। सीतामढ़ी, मुंगेर और पटना में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। 24 लोग झुलस गए। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में सोमवार शाम बिजली गिरने से 2 बच्चों और एक युवक की मौत हो गई। मध्य प्रदेश में सोमवार को 12 जिलों में बारिश हुई। मानसून ने 24 जून को मध्य प्रदेश-गुजरात में एंट्री ली थी। अब तक 22 राज्यों को कवर किया, लेकिन इसके बाद से आगे नहीं बढ़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, 5 जुलाई मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा।

### असम में बाढ़, 22 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित

अरुणाचल प्रदेश और असम के कई हिस्सों में लगातार बारिश की वजह से बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति बनी हुई है। अरुणाचल में बारिश से लेकू नदी उफान पर आ गई, जिससे असम के जोनाई इलाके में भीषण बाढ़ आ गई। नेशनल हाईवे-515 भी डूब गया। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, बाढ़ से राज्य के छह जिलों में 22 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा असर धेमाजी जिले में पड़ा है, जहां करीब 16 हजार लोग प्रभावित हैं। बाढ़ से 96 गांव डूब गए हैं, करीब 1690 हेक्टेयर फसल और 48 हजार से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं।

### पाकिस्तान बोला- हमारा पानी रोका तो हाथ काट देंगे



**ब्रह्मास्त्र ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि पर एक बार फिर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा कि अगर किसी ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने की कोशिश की तो हम उन हाथों को काट देंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी को रोकना चाहता है। मुसादिक मलिक ने सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री के हाथ में एक नल है। वह कहते हैं कि पाकिस्तान में पानी की एक बूंद भी नहीं जाने देंगे। जो हमारे हिस्से के पानी पर दावा करेंगे, उनके हाथ काट दिए जाएंगे। वहीं अताउल्लाह तरार ने कहा कि सिंधु जल संधि कानूनी रूप से अब भी लागू है।

## झारखंड में आकाशीय बिजली ने मचाया कहर

# 30 से अधिक की मौत, 35 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ रांची**

झारखंड में मानसून के साथ आसमान से बरस रही आफत लगातार लोगों की जान ले रही है। राज्य मे 12 जून से अब तक वज्रपात की घटनाओं में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 35 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

रविवार को रांची जिले के सोनाहातू में वॉच टावर का निरीक्षण कर रहे वनरक्षक रोशन श्रीवास्तव की वज्रपात से मौत हो गई, जबकि दो अन्य वनकर्मी झुलस गए। लोहरदगा में तीन वर्षीय बच्ची, रांची के बेड़ो में एक किसान, सिल्ली में एक नाबालिग तथा गढ़वा जिले के रंका में आम चुनने गए दो बच्चों की भी बिजली गिरने से मौत हो गई। 24 से 26 जून के बीच भी वज्रपात ने राज्य के कई जिलों में भारी तबाही मचाई।

इस दौरान चतरा, पलामू, जामताड़ा, कोडरमा, देवघर और लोहरदगा समेत विभिन्न जिलों में 12 लोगों की मौत हुई और करीब 18 लोग घायल हुए। लोहरदगा में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की जान चली गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। 21 से 23 जून के बीच पश्चिमी सिंहभूम के टोकलो में फुटबॉल मैच के दौरान मैदान पर बिजली गिरने से दो खिलाड़ियों की मौत हो गई थी। खूंटी जिले के कर्रा में क्रिकेट खेल रहे युवकों पर वज्रपात होने से एक खिलाड़ी की मौत हुई और 11 अन्य घायल हो गए।



- इससे पहले 17 से 19 जून के बीच हजारीबाग, रामगढ़, पलामू, लोहरदगा, गोड्डा और पश्चिमी सिंहभूम में आठ लोगों की मौत दर्ज की गई थी। मानसून के प्रवेश के पहले 24 घंटे के भीतर ही रांची, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, जामताड़ा और सरायकेला-खरसावां में आठ लोगों की जान चली गई थी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, झारखंड की भौगोलिक संरचना इसे वज्रपात के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील बनाती है। पठारी भूभाग, घने जंगल, ऊंचे वृक्ष, खनिज संपदा और मानसून के दौरान गर्म एवं ठंडी हवाओं के टकराव से यहां वातावरण में तेजी से विद्युत ऊर्जा विकसित होती है, जिससे बिजली गिरने की घटनाएं अधिक होती हैं। रांची, गुमला, पलामू, बोकारो और पूर्वी सिंहभूम को राज्य के प्रमुख 'लाइटनिंग हॉटस्पॉटइ माना जाता है।
- क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्विंग सिस्टम्स प्रमोशन काउंसिल (सीआरओपीसी) और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में पिछले पांच वर्षों के दौरान हर साल औसतन 4.36 लाख से अधिक बार आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। पिछले एक दशक में वज्रपात से राज्य में कम से कम 1,669 लोगों की मौत हो चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों की कई घटनाएं आधिकारिक रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पातीं।



## खबर एक नजर...

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अमित तिवारी की माता का निधन

**उज्जैन।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन के अध्यक्ष अमित तिवारी की माता श्रीमती राजकुमारी तिवारी का 28 जून को स्वर्गवास हो गया। उनकी शवयात्रा में समाज के सदस्यों के साथ ही शहर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अंतिम संस्कार के पश्चात चक्रतीर्थ पर शोक सभा रखी गई। इस शोक सभा की अध्यक्षता समाज के सदस्य एवं पार्षद रामेश्वर दुबे ने की। यह जानकारी कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य विष्णु दीक्षित ने दी।

### कबीर प्राकट्य दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 100 लोगों की हुई जांच

**उज्जैन।** कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस के अवसर पर वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण से पूर्व संगठन की अध्यक्ष दीपा आर्य और सचिव रागिनी हटिया ने कबीर साहेब की महिमा का स्मरण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद शिविर में पहुंचे लोगों की बीपी, शुगर और आंखों की जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कार्यक्रम की रूपरेखा पुष्पा जंगरिया द्वारा तैयार की गई।

### आज सजेगी गीतों की महफिल, एक शाम संगीत के नाम में गूंजेंगे सुर

**उज्जैन।** शहर के कालिदास अकादमी स्थित अभिरंग नाट्य गृह में 30 जून को भव्य संगीतात्मक कार्यक्रम 'एक शाम संगीत के नाम' का आयोजन किया जा रहा है। ओम शांति ओम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा, जिसमें संगीत प्रेमी मधुर धुनों का आनंद ले सकेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे मुख्य अतिथि सुचिता पंडित और विशिष्ट अतिथि विनोद कालंबकर द्वारा मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इसके पश्चात संगीता लाहोटी द्वारा गणेश वंदना, अनुष्का व अंशुबिका मकवाना द्वारा सरस्वती वंदना और आनंद शर्मा द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। शाम 5 से 5.30 बजे के बीच श्रोताओं का सम्मान किया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से पुष्पेंद्र वाधवा का सम्मान होगा। इसके बाद डॉ. पलोड़ द्वारा ग्रुप का टाइटल गीत प्रस्तुत किया जाएगा।

### कबीर जयंती पर सांस्कृतिक संस्था भाव प्रबोध की स्थापना

**उज्जैन।** संत कबीर का मानना था कि ईश्वर की प्राप्ति बाहरी कर्मकांडों से नहीं, बल्कि निर्मल हृदय, सच्चे आचरण और प्रेम से होती है। उनकी वाणी आज भी समाज को आत्मचिंतन, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखाती है। उनके प्रसिद्ध दोहे जीवन के व्यावहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हैं। आज के समय में, जब समाज अनेक प्रकार के विभाजनों और तनावों का सामना कर रहा है, कबीर के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। उनका संदेश हमें आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।यह उद्गार साहित्यकार डॉ उमा वाजपेयी ने मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य कला एवं दर्शन को समर्पित भाव प्रबोध संस्था की स्थापना कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ उर्मी शर्मा ने की। स्वागत वक्तव्य डॉ प्रीती जोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। सारस्वत अतिथि डॉ शिव चौरसिया ने कहा कि उज्जैन सदा से ही सांस्कृतिक नगर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा और पहचान बनाए हुए है। उज्जयिनी साहित्य की परीक्षा स्थली रही है।

# अंतिम सिंधु पति शासक सम्राट दाहिर सेन के शौर्य और बलिदान को रंगमंच पर किया जीवंत

## कालिदास अकादमी में ऐतिहासिक सिंधी नाटक 'मिट्टीअ लधो मानु' का भव्य मंचन, 450 से अधिक दर्शकों ने देखा इतिहास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अरब आक्रांताओं से 30 वर्षों तक सिंध की रक्षा करने वाले अंतिम सिंधु पति शासक सिंधुपति सम्राट दाहिर सेन के शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान को रविवार रात शहर में जीवंत किया गया। अवसर था कालिदास संस्कृत अकादमी के संकुल सभागार में सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल, सिंधु जागृत समाज और भारतीय सिंधु सभा उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक सिंधी नाटक 'मिट्टीअ लधो मानु' के भव्य मंचन का। इस मर्मस्पर्शी प्रस्तुति को देखने के लिए समाज के 450 से अधिक दर्शक उमड़े।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि भोपाल के 'रंग समूह' द्वारा प्रस्तुत इस नाटक के लेखक मोहन गेहाणी और निर्देशक अशोक बुलानी हैं। नाटक के माध्यम से दशार्या गया कि कैसे राजा चाच के पुत्र दाहिर सेन ने 679 ईस्वी से 712 ईस्वी तक अलोर को राजधानी बनाकर एक कुशल और न्यायप्रिय प्रशासक के रूप में सिंध साम्राज्य पर शासन किया। उनके खुशहाल राज में व्यापार, कृषि और धार्मिक सहिष्णुता चरम पर थी। अरब आक्रमणकारी मुहम्मद बिन कासिम का वीरतापूर्वक सामना करते हुए 712 ईस्वी में उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, लेकिन कभी घुटने नहीं टेके।

**एमए सिंधी में प्रथम आने पर डॉ. मीना वाधवानी का सम्मान**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव, कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद और सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमए सिंधी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली डॉ. मीना वाधवानी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कलावती यादव ने सभी कलाकारों का सम्मान कर सफल आयोजन के लिए समाज को बधाई दी।

**इन पदाधिकारियों और समाजजनों की रही सक्रिय भूमिका**

अतिथियों का स्वागत सिंधु जागृत समाज के अध्यक्ष प्रताप रोहरा, सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी, सचिव महेश गंगवानी, संरक्षक रमेश सामदानी, दौलत खेमचंदानी, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा और भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष रमेश गजरानी ने किया। सुनील खत्री, जयराम सोनेजा और रामेश्वरम

### स्वयं में बदलाव लाने से ही संभव है विश्व में परिवर्तन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व में बदलाव की शुरूआत हमें स्वयं में परिवर्तन से करनी होगी। यदि हम स्वयं में बदलाव लाते हैं, तो परिवार, समाज, राष्ट्र और अंततः विश्व में परिवर्तन आएगा। स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक अनुशासन और सामाजिक समरसता जैसे पंच परिवर्तन के लक्ष्यों को इसी माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु व संस्कृत के आचार्य पं. बालकृष्ण शर्मा ने कही। वे संस्कार भारती जिला उज्जैन द्वारा आयोजित साहित्य विधा की मासिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। संगोष्ठी का विषय 'शब्द, संस्कृति और संस्कार पंच परिवर्तन के सारथी के रूप में युवा पीढ़ी' था। पं. शर्मा ने कहा कि शब्दों के अभाव में जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। हमारी हर अभिव्यक्ति शब्दों पर निर्भर है। अच्छे गुणों को आत्मसात कर आगे बढ़ना ही संस्कृति है और पीढ़ी-दर-पीढ़ी इन गुणों का हस्तांतरण संस्कार का रूप ले लेता है।

### निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर, 135 मरीजों की हुई जांच

**उज्जैन।** संत सत्कार समिति, भारत विकास परिषद विक्रमादित्य और दवा इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में पिपलीनाका स्थित गुमानदेव मंदिर में 77वां निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक संरक्षक ब्रह्मलीन पं. श्यामनारायण व्यास की पुण्य स्मृति में लगे इस शिविर में 135 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां दी गईं।

प्रवक्ता दीपक राजवानी ने बताया कि शिविर के दौरान पं. चंदन गुरु के सानिध्य में संस्था की त्रैमासिक बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र शर्मा गुरु, विट्ठल नागर, अरविंद जैन और शीला व्यास थे, जबकि अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी ने की। बैठक में डॉ. चिंतामण राठौर, प्रदीप तिवारी, दिनेश महाजन, सुरेखा तंवर, उमेश गुप्ता, गीता यादव, नरेंद्र कुशवाह और राकेश वनवट ने आगामी श्रावण मास व सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न प्रस्ताव रखे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया।

शिविर संयोजक डॉ. राकेश भार्गव और कार्यक्रम संयोजक महेश गुप्ता थे। शिविर में होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्रसिंह भदौरिया, डॉ. आशीष जैन एवं डॉ. प्रीति ने मरीजों की जांच की। आयोजन में चंद्रशेखर माहेश्वरी, विजय पटेल, रवींद्र मुले, सुमन वर्मा, माया शर्मा, चंद्रलेखा वर्मा, आरती खरे, मौना चित्तौड़ा, ओमप्रकाश गर्ग, भगवती प्रसाद सालविया, हेमंत गुप्ता, विक्रम चित्तौड़ा, पुष्पेंद्र चित्तौड़ा, दिनेश रावल, महेंद्र शर्मा, किशोर भाटी, सुभाष मित्तल, रवींद्र राणावत, मनोहर गुप्ता, अनिल मेहता, मोनिका चित्तौड़ा, हीरामनी महाजन, प्रमोद जैन, सदुबाला सोनी, रवींद्र धनोतिया, विश्वजीत सिंह राठौर, रमेश रोहरा, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. विशाल पाटीदार और तनु-रुद्रेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सचिव भगवान शर्मा ने किया एवं आभार संजीव आचार्य ने माना।

### बलाई महासभा का विस्तार, कटारिया बने प्रदेश सहसचिव तो मालवीय को मिली प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय बलाई महासभा ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया है। चैत्र पूर्णिमा और कबीर जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष बैठक में पूर्व सरपंच ईश्वर कटारिया को प्रदेश सहसचिव तथा गोविंद मालवीय को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौर ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें बधाई दी।

महासभा के प्रदेश कार्यालय सचिव धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व की अनुशंसा पर इन दोनों कर्मठ समाजसेवियों को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान उन्होंने कबीर प्रकट उत्सव की बधाई भी दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की रीति-नीति के तहत समाज हित में कार्य करने का दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौर ने आशा व्यक्त की कि इन नियुक्तियों से संगठन को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे शोषित वर्ग के कल्याण कार्यों में तेजी आएगी। नियुक्ति के अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव अरविंद मालवीय, प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष सांवले, उज्जैन जिलाध्यक्ष जगदीश मकवाना और शहर अध्यक्ष जीवन परमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। अर्जुन सोलंकी, शुभम मालवीय और विकास सिसोदिय ने उपस्थित रहकर हर्ष व्यक्त किया। समाजजनों ने ईश्वर कटारिया और गोविंद मालवीय को पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दीं।

## लायंस क्लब उज्जैन कपल की साधारण सभा में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का हुआ अभिनंदन

### सेवा कार्य पूर्ण समर्पण भाव से करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



लायंस क्लब उज्जैन कपल के वर्तमान सत्र की अंतिम साधारण सभा इंदौर रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुई। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस सभा में क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सदस्यों से सेवा व अन्य गतिविधियां पूर्ण समर्पण भाव से करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन पलकेश अग्रवाल, सचिव लायन पूजा शर्मा और कोषाध्यक्ष लायन शुभम नागर का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। सभा में वर्तमान सचिव लायन रेखा अग्रवाल ने बीते वर्ष क्लब द्वारा की गई सेवा व अन्य गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वर्तमान अध्यक्ष लायन वंदना सुनील अग्रवाल ने वर्ष भर की सफल गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी सदस्यों का आभार माना।

अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन पलकेश अग्रवाल ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगामी वर्ष में सभी सेवा कार्य व अन्य गतिविधियां वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में और अधिक बेहतर ढंग से की जाएंगी।

कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन संतोष व लायन सरला अग्रवाल, लायन रितेश शर्मा, लायन सुनील बी अग्रवाल, लायन महेश व निशा हरभजनका, लायन मनोज व कृतिका हींगें, लायन डॉ. राहुल नागर, लायन सुरेंद्र व अलका अग्रवाल, लायन बबीता एस अग्रवाल, लायन रवि चौबे, लायन अमित व अनुराधा गुप्ता, लायन अनिल व अनीता गुप्ता, लायन वाय के दुबे व लायन निशा दुबे और लायन रवि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

### श्री आदेश्वर-चंदाप्रभु श्रीसंघ करेगा अगवानी, ज्ञानचंद कोचर के निवास से शुरू होगी शोभायात्रा

## नयापुरा में आज होगा आचार्य अशोकसागर सूरीश्वर जी म.सा. का भव्य मंगल प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री आदेश्वर-चंदाप्रभु श्रीसंघ नयापुरा के आमंत्रण पर आचार्य भगवंत श्री अशोकसागर सूरीश्वर जी म.सा. सहित अन्य गुरु भगवंतों का नयापुरा में भव्य व ऐतिहासिक मंगल प्रवेश आज 30 जून मंगलवार को होगा। इस पावन अवसर को लेकर सम्पूर्ण नयापुरा क्षेत्र में धर्म, भक्ति और उत्साह का वातावरण है।

श्री आदेश्वर चंदाप्रभु ट्रस्ट नयापुरा के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया कि नयापुरा में शासन प्रभावक आचार्य श्री अशोकसागर सूरीश्वर जी म.सा., प्रवचन प्रभावक आचार्य श्री सागरचंद्र सागर सूरीश्वर जी म.सा., आचार्य श्री सौम्यचंद्र सागर सूरीश्वर जी म.सा., तपस्वी आचार्य श्री विवेकचंद्र सागर सूरीश्वर जी म.सा., तपस्वी आचार्य श्री तीर्थचंद्र सागर सूरीश्वर जी म.सा. आदि ठाणा व साध्वीवर्या श्री अमीपूर्णा श्री जी म.सा. आदि ठाणा का पावन प्रवेश होगा।

**धर्मसभा के बाद होगी गौतम प्रसादी**



उपाश्रय में प्रातः 9 बजे से धर्मसभा होगी जिसमें श्रद्धालु गुरुदेवों के प्रेरणादायी प्रवचनों का श्रवण कर धर्मलाभ लेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे से श्री जैन ओसवाल धर्मशाला नयापुरा में गौतम प्रसादी का आयोजन होगा जिसका लाभ श्री आदिश्वर-चंदाप्रभु ट्रस्ट मण्डल द्वारा लिया गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष दुग्गड़, सचिव कमल पिछोलिया व सम्पूर्ण ट्रस्ट मण्डल ने सकल श्रीसंघ व धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु भगवंतों की अगवानी व धमार्राधना का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

**कोचर निवास से शुरू होगी अगवानी**

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7.30 बजे नवकारसी से होगी जिसका लाभ श्री ज्ञानचंद राजमल कोचर परिवार द्वारा लिया गया है। प्रातः 8 बजे गुरु भगवंतों की भव्य अगवानी श्री ज्ञानचंद कोचर के निवास से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा जयघोष व धर्मध्वजा के साथ नयापुरा के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री चंदाप्रभु उपाश्रय पहुंचेगी।

## अलखधाम नगर के साईं मंदिर में हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, गूंजे मंत्र

### माताजी की जन्म शताब्दी पर शहर में चल रही यज्ञ श्रृंखला, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखंड दीप एवं वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में पांच कुंडीय यज्ञों की श्रृंखला जारी है। इसी कड़ी में वार्ड 47 स्थित अलखधाम नगर के साईं मंदिर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों और क्षेत्रवासियों ने आहुतियां देकर पुण्य लाभ लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय ने दीप प्रज्वलित कर किया। 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' की जिला उप जोन समन्वयक उर्मिला प्रहलाद सिंह तोमर ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विश्व कल्याण की भावना के साथ सैकड़ों गायत्री परिजनों द्वारा जटिल साधनाएं की जा रही हैं। इन महायज्ञों के माध्यम से साधकों द्वारा अपनी साधना की पूर्णाहुति दी जा रही है।

यज्ञ का विधि-विधान से संचालन श्याम लाल जोशी और नरेंद्र सिकरवार ने किया, जबकि सुमधुर संगीत रजनी मीना ने प्रस्तुत किया। महायज्ञ के सफल आयोजन और श्रेष्ठ सहयोग के लिए उर्मिला तोमर ने साईं मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय एवं अन्य सदस्यों का सम्मान किया।

**महायज्ञ में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्टी ओम बंसल, अनूप सिंघल, हेमेंद्र खंडेलवाल, मोहन लाल शाह, सत्यनारायण शर्मा, जनार्दन नातू, पीयूष मालवीय और नीलम उथरा सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन, मातृशक्ति और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### माहेश्वरी समाज ने किया होनहारों का बहुमान

## महेश नवमी महोत्सव के तहत आईबी में चयनित मनमय बियाणी सहित विद्यार्थी व समाजसेवक हुए सम्मानित




उज्जैन। श्री माहेश्वरी सभा उज्जैन द्वारा महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत रविवार 28 जून को भव्य शैक्षणिक पुरस्कार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से स्नातकोत्तर तक सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली समाज की प्रतिभाओं, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों को पुरस्कृत किया गया।

समारोह का शुभारंभ संगीता लाहोटी, स्वाती तापड़िया और राखी इनानी द्वारा प्रस्तुत भगवान महेश के सुमधुर भजनों और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश सभा उपाध्यक्ष विजय श्याम भांगडिया, जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सतीश मूंदड़ा और वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र मालू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी ने की।

विशिष्ट अतिथि और प्रायोजक

मंच पर लक्ष्मी नारायण मूंदड़ा, भूपेन्द्र भूतड़ा, आशीष तापड़िया, हुकुमचंद लाठी, अर्पण इनानी, मनोज बियाणी, विरेन्द्र कुमार गट्टानी, अतुल देवपुरा, नृसिंह देवपुरा, संध्या हेडा, वंदना जैथल्या और रेखा बियाणी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। पुरस्कारों के प्रायोजक प्रकाश चन्द्र प्रहलाद दास सोडानी, ओमप्रकाश पलोड़, विरेन्द्र गट्टानी, गोपाल लखोटिया, कमलेश मंत्री और बीएल गुप्ता परिवार रहे। अतिथियों ने सभी प्रतिभाओं और उनके माता-पिता को समाज का नाम रोशन करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खुफिया ब्यूरो में चयनित मनमय का विशेष सम्मान, बांटे महेश अवार्ड**

समारोह में केंद्रीय खुफिया ब्यूरो में इन्वेस्टिगेशन अधिकारी के पद पर चयनित मनमय बियाणी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विरेन्द्र कुमार गट्टानी द्वारा घोषित 'महेश अवार्ड' के तहत शैक्षणिक क्षेत्र के लिए सपना देवपुरा और सामाजिक क्षेत्र के लिए राकेश सोडानी का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

**इन शैक्षणिक प्रतिभाओं को मिला पुरस्कार**

## अच्युतानंद व्यायाम शाला में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन, होनहारों को मिले प्रमाण पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अच्युतानंद प्रसादिक जीवाजी राव व्यायाम शाला और खेल एवं युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर व्यायाम शाला परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूडीए अध्यक्ष रवि सोलंकी, पूर्व पार्षद विजय चौधरी और प्रवीण मादुस्कर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया। इसके पश्चात संस्था के विद्यार्थियों ने अतिथियों के समक्ष आकर्षक योगासनों की शानदार प्रस्तुति दी। संस्था के वरिष्ठ सदस्य रमेश चंद्र दुबे ने स्वागत भाषण दिया और शिविर के संयोजक विनोद चौरसिया ने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

**प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान, विद्यार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र**

समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षक यशवंत गुमास्ते, महेंद्र जैन, विनोद चौरसिया, रेखा खींची और कशिश खींची का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके पश्चात प्रवीण मादुस्कर और मिलिंद नाना पन्हाळकर ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन अजय विपट ने किया तथा आभार पंडित नितिन जोशी ने माना। इस अवसर पर संस्था के सुनील पित्रे, मनीष पंवार, मिलिंद पन्हाळकर और एम.जी. सुपेकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व उनके अभिभावक उपस्थित थे। समारोह में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने कहा कि बालक-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मन

उज्जैन
मंगलवार
30
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

का ते कांता कस्ते पुत्रः, संसारोऽयमतीव विचित्रः।
कस्य त्वं वा कुत अयातः, तत्त्वं चिन्तय तदिह भ्रातः ॥

**अर्थः** कौन तुम्हारी पत्नी है, कौन तुम्हारा पुत्र है, ये संसार अत्यंत विचित्र है, तुम कौन हो, कहाँ से आये हो, बन्धु! इस बात पर तो पहले विचार कर लो।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के नगीन नगर में युवक की डंडे से पिटाई

**इंदौर।** नगीन नगर इलाके में एक युवक को पीटने का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हिंदू संगठन के लोगों ने आरोप लगाया कि एक युवक हिंदू महिला को बाइक पर ले जा रहा था और उसे डरा-धमका रहा था। लोगों ने उसे पकड़ा और उसके पति को भी जानकारी दी, जिसके बाद पति मौके पर पहुंचा और युवक की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इधर, हिंदू संगठन के लोगों का कहना है कि युवक तो मौके से भाग निकला, लेकिन उसका मोबाइल मिला है, जिसमें कई महिलाओं के साथ उसके अश्लील वीडियो है। विश्व हिंदू परिषद, सामाजिक समरसता प्रमुख इंदौर तन्नू शर्मा ने बताया कि मामला सोमवार का है। एक युवक हिंदू महिला को बाइक पर बैठाकर उसे लव जिहाद का शिकार बनाने का प्रयास कर रहा था। स्थानीय लोगों ने देखा तो उसे पकड़ा और पति को जानकारी दी। पति ने युवक की पिटाई भी कर दी। युवक का मोबाइल चेक किया तो उसमें कई अश्लील वीडियो मिले है। सूचना पर जब हिंदू संगठन के लोग पहुंचे, लेकिन युवक भाग निकला था। मामले में तन्नू शर्मा का कहना है कि हम पता लगा रहे है कि वह कितनी महिलाओं को परेशान कर रहा था। विहिप नेता तन्नू शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उसकी मोबाइल की जांच की जाए कि उसने किन हिंदू महिलाओं को लव जिहाद में फंसाया है और उनकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल किया है। रात में चंदन नगर थाने पर शिकायत करेंगे।

### खजराना का अस्पताल 6 साल से सिर्फ कागजों में

**इंदौर।** खजराना और आसपास के तीन लाख से ज्यादा लोगों को बेहतर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए छह साल पहले 23 जून 2020 को मप्र शासन की ओर से 100 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल की घोषणा की गई थी। अस्पताल के लिए 87 पद भी स्वीकृत कर दिए गए, लेकिन आज तक अस्पताल के लिए जमीन तक तय नहीं हो सकी। हैरत की बात यह है कि अस्पताल अस्तित्व में नहीं आया, फिर भी उसके नाम पर लगातार पदस्थापनाएं होती रहीं। ताजा आदेश हाल ही में 15 जून को जारी हुआ, जिसमें एक लैब टेक्नीशियन की पदस्थापना सिविल अस्पताल खजराना के नाम पर की गई। मप्र शासन ने सिविल अस्पताल स्थापित करने की मंजूरी देते हुए विशेषज्ञ डॉक्टर, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित 87 अतिरिक्त पद स्वीकृत किए थे। चार वर्षों में लगातार इस अस्पताल के नाम पर कर्मचारियों की पदस्थापनाएं होती रही हैं, लेकिन अस्पताल का भवन नहीं बनने से यहां स्वीकृत अधिकांश डॉक्टर और कर्मचारी पीसी सेठी अस्पताल, हुकुमचंद अस्पताल व अन्य सरकारी अस्पतालों में अटैच होकर सेवाएं दे रहे हैं।

### गोपाल मंदिर के गीता भवन का संचालन उज्जैन की कंपनी को

**इंदौर।** स्मार्ट सिटी कंपनी ऐतिहासिक गोपाल मंदिर परिसर में बने नवनिर्मित ह्यगीता भवनह्न और आधुनिक ऑडिटोरियम को पीपीपी मॉडल पर सौंपने जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसके संचालन का जिम्मा उज्जैन की निजी फर्म ह्यउज्जैन ड्रीम्सह्न को दिया गया है। इसके एवज में कंपनी नगर निगम/स्मार्ट सिटी को हर साल 4 लाख का भुगतान करेगी। इसके अलावा, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के दूसरे चरण को भी पीपीपी मॉडल पर लागू करने की तैयारी कर ली गई है। मुख्यमंत्री द्वारा गीता भवन के लोकार्पण के बाद से ही इसके नियमित संचालन के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही थी। स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ अर्थ जैन ने बताया उज्जैन की कंपनी ही इस पूरे परिसर की बुकिंग, मेंटेनेंस, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। परिसर के कमर्शियल इस्तेमाल के लिए कंपनी को यहां एक ह्यफायर-फ्री कैफेह्न चलाने की अनुमति दी गई है। ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा को देखते हुए कैफे के अंदर किसी भी तरह की खाद्य सामग्री को पकाने (कुकिंग) या गैस-इंडक्शन जलाने की सख्त मनाही रहेगी। कंपनी केवल बाहर से तैयार होकर आए भोजन, स्नैक्स और पेय पदार्थों को ही यहां काउंटर से बेच सकेगी।

### शराब पीते झगड़े, 2 युवकों ने चाकू मार कर दी रिक्शा चालक की हत्या

**इंदौर।** गांधीनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह सिद्धार्थ नगर के समीप शराब दुकान पर हुए विवाद के बाद एक रिक्शा चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीआई अनिल यादव के मुताबिक, मृतक का नाम हेमंत उर्फ हेमू जाट (39) है। हेमंत सुबह 9.30 बजे वाइन शॉप पर आरोपी कृष्णा पाटिल और राजेश चौहान के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों में गाली-गलौज शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर कृष्णा ने हेमंत पर चाकू से हमला कर दिया, जबकि राजेश ने हेमंत को पकड़े रखा। हेमंत के दोनों बेटियां कनक और मुस्कान भी अस्पताल पहुंची थीं। परिवार ने बच्चियों को अभी घटना की जानकारी नहीं है। हेमंत की दो पेंयिां थीं, दोनों की मौत हो चुकी है। घटना से पूरा परिवार सदमे में है। आरोपी कृष्णा ने हेमंत पर चाकू से तीन वार किए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। हेमंत को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

---

द्वारकापुरी थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात तस्कर को किया गिरफ्तार

# 8 किलो गांजा के साथ मिली नोट गिनने की मशीन, 22 कारतूस

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

द्वारकापुरी थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा, 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस और नशीले पदार्थों की पैकिंग (रीपैकिंग) में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य साथियों की जानकारी जुटा रही है।

डीसीपी जोन-4 सुनील मेहता ने बताया कि इस कार्रवाई की शुरूआत 22 जून को हुई थी। उस दिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लकी नाथ नामक आरोपी को 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में लकी ने बताया कि उसे ब्राउन शुगर की सप्लाई चेतन नाथ करता है।





#### राजबाड़ा से पकड़ा, घर की तलाशी में खुला बड़ा राज

- रविवार शाम पुलिस ने चेतन नाथ को राजबाड़ा क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने पास और भी मादक पदार्थ होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर द्वारकापुरी स्थित घर पहुंची, जहां तलाशी के दौरान पुलिस भी बरामदगी देखकर हैरान रह गई।
- घर से पुलिस ने 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा, 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, पिस्टल के 22 जिंदा कारतूस और नशीले पदार्थों की पैकिंग में उपयोग होने वाला सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद पुलिस ने बैक ट्रैकिंग करते हुए चेतन नाथ (36), निवासी नॉर्थ मोहल्ला, द्वारकापुरी की तलाश शुरू की।

**प्रतापगढ़ (राजस्थान) से लाता था ब्राउन शुगर-** पूछताछ में चेतन नाथ ने खुलासा किया कि वह राजस्थान के प्रतापगढ़ से ब्राउन शुगर लाकर इंदौर में सप्लाई करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसके संपर्क में कौन-कौन लोग हैं और सप्लाई चेन कितनी बड़ी है।

**बहन सीमा नाथ के साथ चला रहा था नशे का कारोबार-** डीसीपी सुनील मेहता के मुताबिक चेतन नाथ पिछले कई वर्षों से अपनी बहन और कुख्यात ड्रग्स तस्कर सीमा नाथ के साथ मिलकर ब्राउन शुगर और गांजे की तस्करी कर रहा था। दोनों मिलकर शहर में नशीले पदार्थों की सप्लाई का नेटवर्क संचालित करते थे। पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष चेतन नाथ को द्वारकापुरी पुलिस ने अपहरण के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अप्रैल 2026 में जेल से छूटने के बाद उसने फिर से नशे का कारोबार शुरू कर दिया। वह अपने अन्य साथियों के माध्यम से शहर में मादक पदार्थों की सप्लाई करवा रहा था। पुलिस अब उसके सहयोगियों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

---

सफाई मित्रों के लिए इंदौर नगर निगम की बड़ी पहल

# हादसे में घायल सफाईकर्मियों को इलाज के लिए मिलेगी ढाई लाख तक की आर्थिक सहायता

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों के लिए इंदौर नगर निगम ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने घोषणा की है कि ड्यूटी के दौरान दुर्घटना का शिकार होने वाले सफाई मित्रों और ड्रेनेज-सीवरेज सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को अब इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

योजना के तहत दुर्घटना की गंभीरता के आधार पर 25 हजार रुपये से लेकर 2.50 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाएगी। पिछले कुछ समय में इंदौर में सफाई कार्य के दौरान कई कर्मचारी हादसों का शिकार हुए हैं। ड्रेनेज और सीवरेज लाइन की सफाई के दौरान कर्मचारियों के घायल होने, गैस रिसाव जैसी घटनाओं तथा सड़क और नाले की सफाई के दौरान दुर्घटनाओं ने सफाई कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चिंता बढ़ाई थी। ऐसे मामलों में इलाज का खर्च कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता था। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए नगर निगम ने यह राहतकारी योजना लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि जरूरत के समय सफाई मित्रों को तत्काल आर्थिक सहायता मिल सके।



#### दुर्घटना की गंभीरता के अनुसार मिलेगी सहायता

नई व्यवस्था के तहत सामान्य दुर्घटना होने पर उपचार के लिए 25 हजार रु. तक की सहायता मिलेगी। गंभीर दुर्घटना की स्थिति में चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर1 लाख रु. तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। अति गंभीर दुर्घटना में इलाज के लिए 2.50 लाख रु. तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

#### सभी सफाई मित्रों को मिलेगा लाभ

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह योजना केवल स्थायी कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगी। दैनिक वेतनभोगी, विनियमित और स्थायी सभी सफाई मित्रों को इसका लाभ मिलेगा। दुर्घटना की सूचना या प्रारंभिक प्रमाण मिलने के बाद सहायता राशि मंजूर की जा सकेगी, जिससे कर्मचारियों को इलाज के लिए तत्काल राहत मिल सके।

#### सफाई मित्रों की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में कदम

महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले इन कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना नगर निगम की जिम्मेदारी है। यह योजना उनके और उनके परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक संबल प्रदान करेगी।

---

## चाकू से हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला करना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक बाइक सवार दूसरे युवक को चाकू मारते हुए नजर आ रहा है। हालांकि ये मामला दो दिन पुराना है। जिसमें पुलिस ने फरियादी के शिकायत पर केस भी दर्ज कर रखा है।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी को भी राउंड अप कर लिया है।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ये घटना 27 तारीख को हिना कॉलोनी की है। मामला दोनों पड़ोसियों के बीच का है। इसमें फरियादी अनुमन है जो खजराना इलाका का ही रहने वाला है, जबकि आरोपी सोनू है जो इसका पड़ोसी है।

इनका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपी सोनू ने अंजूमन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया था। हालांकि चाकू से हमले के दौरान अंजूमन बच गया था। उसका मेडिकल भी करवाया गया था, जिसमें चोट नहीं थी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सोनू के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया था।

#### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

चाकू से हमला करने का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फरियादी बाइक से बच्चे को बैठाकर जा रहा था। तभी आरोपी व कुछ लोग आए और फरियादी पर चाकू से हमला कर दिया।

हमले के दौरान आरोपी युवक के ऊपर चाकू से हमला करता नजर आ रहा है, गनीमत ये रही कि इस हमले में फरियादी बच गया। हमला करने के बाद बदमाश वहां से भाग निकले। बताया जा रहा है कि पुलिस आरोपी को राउंड अप कर लिया है।

---

सोनम रघुवंशी को शिलॉन्ग हाईकोर्ट से मिली राहत

## जमानत बरकरार रखी, जमानत की शर्तों का पालन करना होगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बहुचर्चित राजा रघुवंशी मर्डर केस में राजा की पत्नी सोनम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बताया जा रहा कि शिलॉन्ग हाईकोर्ट ने सोनम की जमानत बरकार रखी है। हालांकि, सोनम को जमानत की सभी शर्तों का पालन करना होगा। वहीं इसे लेकर राजा रघुवंशी के परिवार में नाराजगी है।

बता दें कि इंदौर के रहने वाले ट्रांसपोर्ट कारोबारी राज रघुवंशी की उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। मामले में शिलांग पुलिस ने सोनम सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में अप्रैल महीने में सोनम को कोर्ट से जमानत मिल गई थी। तब वह जमानत पर ही बाहर है। इसे लेकर शिलॉन्ग पुलिस ने हाईकोर्ट में उसकी जमानत रद्द कराने के लिए याचिका दायर की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को फैसला आने के बाद सोनम को राहत मिल गई। अप्रैल माह में सोनम की जमानत होने पर राजा के भाई विपिन का कहना था सोनम के बाहर रहने से उनके परिवार को खतरा है। सोनम को जमानत मिलने के बाद से ही परिवार के लोगों ने रोष व्याप्त है। इस मामले में वे सीबीआई जांच की मांग भी कर चुके हैं।



**सोनम ने कहा था- नेपाल नहीं भागी हूं-** इससे पहले सोनम ने शिलॉन्ग में एक लोकल चैनल को इंटरव्यू देते हुए कहा था कि वह वह नेपाल नहीं भागी है। उसने कहा था कि उसके बारे में झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। जनता से यही कहना चाहती हूं कि किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन रघुवंशी भी सोनम के सशर्त जमानत पर रिहा होने के मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। विपिन ने आरोप लगाया था कि जमानत के बाद सोनम नेपाल भाग गई है।

---

साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता की मुहिम

## पीटीसी इंदौर की साइबर सुरक्षा रैली

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में सोमवार को सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल पैदल रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था।



रैली में संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव आरक्षक प्रशिक्षुओं के साथ पीटीसी के राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

रैली की शुरूआत पीटीसी के परेड मैदान से हुई और यह डेली कॉलेज रोड, जिला जेल रोड, लोक सेवा आयोग कार्यालय तथा रेसिडेंसी क्षेत्र से होकर पुनः पीटीसी परिसर में संपन्न हुई।

इस दौरान प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े संदेशों वाले बैनर और पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली में साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग तथा इंटरनेट इस्तेमाल के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओं और स्टाफ को साइबर सुरक्षा जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में नागरिकों का जागरूक और सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मोबाइल और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित करना तथा साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना है।

---

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभालने के बाद सोनिला मिमरोट ने निगम प्रशासन और भाजपा पर कई गंभीर सवाल खड़े किए

## फायर सेफ्टी व्यवस्था पर उठाए सवाल, रिकॉर्ड और फाइलों की सुरक्षा सुनिश्चित करे निगम प्रशासन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभालने के बाद कांग्रेस की वरिष्ठ पार्षद सोनिला मिमरोट ने निगम प्रशासन और भाजपा पर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने नगर निगम मुख्यालय की फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर चिंता जताई और विभिन्न मामलों में पारदर्शी जांच की मांग की।

मिमरोट ने कहा कि नगर निगम परिसर के विभिन्न विभागों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं दिखाई देती। उन्होंने दावा किया कि यदि किसी प्रकार की आगजनी जैसी घटना होती है तो महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रिकॉर्ड को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि नगर निगम में सामने आए विभिन्न विवादों और कथित घोटालों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है।



#### ढोल-ढमाकों के बीच संभाला नेता प्रतिपक्ष का पदभार

इसके पूर्व पदभार ग्रहण करने से पहले मिमरोट संविधान की प्रति हाथ में लेकर नेता प्रतिपक्ष कक्ष पहुंची। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने विधिवत अपनी नई जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### जनता की आवाज बनने का भरोसा

पदभार ग्रहण करने के बाद सोनिला मिमरोट ने कहा कि शहर की जनता पानी, सड़क, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता से जुड़े हर मुद्दे को नगर निगम परिषद से लेकर सड़क तक मजबूती के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाने की भी होती है। नगर निगम के कार्यों पर निगरानी रखते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने हाल ही में चर्चा में रहे संपत्ति नामांतरण प्रकरण का भी उल्लेख किया। मिमरोट का कहना है कि इस मामले में कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कराई जानी चाहिए, ताकि तथ्य सामने आ सकें और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो सके।

गौरतलब है कि हाल ही में कांग्रेस संगठन ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे की जगह सोनिला मिमरोट को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया और विपक्ष की भूमिका को मजबूती से निभाने का संकल्प जताया।

मिमरोट ने कहा कि नगर निगम में जनहित से जुड़े मुद्दों, वित्तीय पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से फायर सेफ्टी व्यवस्था की समीक्षा कराने और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग भी की।

# 300 किमी पैदल भोपाल पहुंचे दो कांग्रेसी, पीसीसी के सामने धरने पर बैठे

## बोले- एक व्यक्ति को तीन-चार पद का विरोध किया तो निष्कासित कर दिया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/रतलाम**



मध्य प्रदेश में कांग्रेस की जिला कांग्रेस कमेटियों की लिस्ट घोषित होने के साथ ही विरोध के स्वर उठ रहे हैं। भोपाल की जिला कांग्रेस कमेटी पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सवाल खडे.किए हैं तो वहीं रतलाम की जिला कांग्रेस कमेटी में एक-एक व्यक्ति को तीन-चार पद देने का विरोध करने पर दो कार्यकताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

दोनों ही कांग्रेस कार्यकर्ता रतलाम से तीन सौ किलोमीटर पैदल चलकर आठ दिन का सफर तय कर भोपाल पहुंचे और पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। कांग्रेस के निष्कासित दोनों कार्यकताओं ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। पीसीसी के सामने धरने पर बैठे संजय रावल ने कहा- हम दोनों यह पैदल यात्रा करते हुए भोपाल आए हैं। हम दोनों को संगठन महासचिव द्वारा निष्कासित किया गया है उसके पास ऐसा कोई पावर नहीं हैं कि वो हमें निष्कासित करे। हम कांग्रेस कार्यालय के सामने धरने पर बैठे हैं जीतू पटवारी यहां आए और हमसे बिना बातचीत किए ही चले गए।

रतलाम से आए कांग्रेस के निष्कासित कार्यकर्ता गौरव पोरवाल ने भास्कर को बताया कि हम तीन सौ किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए भोपाल आए हैं। गौरव ने बताया हम इसलिए आए हैं क्योंकि अभी रतलाम की जिला कार्यकारिणी बनी थी तो किसी को तीन पद दे दिए, किसी को चार पद दे दिए तो हमने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से जिला अध्यक्ष जी को मैसेज पहुंचाया था कि आप संगठन में एक व्यक्ति को तीन चार पद दे रहे हैं तो ये शोभा नहीं देता।

हमारी जिलाध्यक्ष से बात हुई थी। वे कह रहे थे हमारे पास कार्यकर्ता नहीं हैं। गकांग्रेस की इतनी स्थिति खराब हो गई है कि नए कार्यकर्ता नहीं मिल रहे इसलिए आप एक-एक व्यक्ति को तीन-तीन पद दे रहे हो।

### जीतू पटवारी से मिले तो जिला कांग्रेस ने निष्कासित कर दिया

गौरव ने बताया 4 जून को नामली में हम यही दरी लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के पास गए थे। उनसे बात की तो उन्होंने हमें गले लगाया और साथ में बिठाकर लेकर गए थे। उसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी को प्रदेश अध्यक्ष से मिलना इतना बुरा लगा कि हमें पार्टी से निष्कासित कर दिया। उन्होंने हमारे पर आरोप लगाया लेकिन उनके पास ठोस सबूत आज भी नहीं हैं कि किस कारण से निष्कासित किया है।

### कौन से व्यक्तियों को तीन-चार पद दिए गए हैं?

एक रवि तिवारी हैं जिनके पास तीन पद हैं। प्रकाश पाटीदार के पास भी ऐसे ही पद हैं। सुनील पोरवाल के पास दो पद हैं। वे युवा कांग्रेस में भी हैं और जिला कांग्रेस में भी पद दिया गया है। मैं किसी पद पर नहीं हूं। मैं आम कार्यकर्ता हूं।

गौरव ने कहा मेरी यही मांग है कि मुझे पद नहीं चाहिए लेकिन जो मजबूती से कांग्रेस के लिए काम करते हैं उनका सम्मान होना चाहिए। जीतू पटवारी हमसे नहीं मिले। वो आए थे तो उन्होंने कहा चलो-चलो.... ये बातें शोभा नहीं देती। कार्यकर्ता अगर इतनी दूर से पैदल आया है तो उनको हमसे बात करनी चाहिए। ऐसे अगर चलो-चलो करने में रहेंगे तो फिर क्या स्थिति रहेगी। हम पार्टी का विरोध करने नहीं बैठे हैं।

# मानसून की रफ्तार थमी, लेकिन बारिश का दौर जारी

## आज मध्यप्रदेश के 50 जिलों में अलर्ट, 2 जुलाई से नया सिस्टम एक्टिव होगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**



मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी है, लेकिन बारिश का सिलसिला जारी है। मंगलवार को 50 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी है। 2 जुलाई से नया वेदर सिस्टम सक्रिय होगा, जिससे प्रदेश में भारी से अति भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल थम गई है, लेकिन बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के 50 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं जिन 15 जिलों में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है, उनमें बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान करीब 4 इंच तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 2 जुलाई से प्रदेश में नया वेदर सिस्टम सक्रिय होगा, जिससे कई इलाकों में भारी से अति भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

मौसम केंद्र ने भोपाल, इंदौर, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, धार, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, देवास, शाजापुर, नर्मदापुरम, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी सहित 50 जिलों में बारिश और 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

सोमवार को इंदौर, गुना, बालाघाट, शिवपुरी, जबलपुर, खरगोन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, सीधी, खंडवा, सीहोर और देवास समेत कई जिलों में बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। बालाघाट में डेढ़ इंच से अधिक, शिवपुरी में करीब पौन इंच और जबलपुर में आधा इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके विपरीत, उत्तर मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी बनी रही। खजुराहो प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौगांव में 40.5 और ग्वालियर में 40.3 डिग्री तापमान रहा।

### 15 जिलों तक सीमित है मानसून

प्रदेश में 24 जून को मानसून की एंट्री हुई थी और अब तक 15 जिलों अलीराजपुर, इंदौर, धार, हरदा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी तक ही इसकी आधिकारिक पहुंच दर्ज की गई है। इसके बाद मानसून की प्रगति रुक गई, जिससे ग्वालियर-चंबल, सागर और रीवा संभाग में गर्मी का असर बढ़ा हुआ है। प्रदेश में पिछले छह दिनों से लगातार कहीं न कहीं बारिश हो रही है, लेकिन कुल वर्षा अभी भी सामान्य से कम है। 1 जून से अब तक प्रदेश में औसतन 124.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, जबकि केवल 75.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। यानी अब तक करीब 39 प्रतिशत बारिश की कमी बनी हुई है।

# दिग्विजय बोलेः जीतू को पूरी जानकारी नहीं थी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्यप्रदेश कांग्रेस में मुख्यमंत्री पर लगाए गए 500 करोड़ रुपए की जमीन एक रुपए में ट्रस्ट को देने के आरोपों पर अलग-अलग सुर सामने आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सोमवार को बड़वानी में कहा कि पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को मामले की पूरी जानकारी नहीं थी और जिस ट्रस्ट को जमीन दी गई, वह निजी नहीं बल्कि सरकारी न्यास है।

जीतू पटवारी ने कहा कि उन्होंने सवाल उठाए थे और वे आज भी कायम हैं। मुख्यमंत्री को उनका जवाब देना चाहिए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी जीतू पटवारी से बात हुई थी। उन्होंने कहा, ह्लजीतू भाई हमारे नेता हैं और मेरे पुत्र समान हैं। उन्होंने जो बयान दिया था, उसके पीछे उन्हें पूरी जानकारी नहीं थी। दिग्विजय ने बताया कि उन्हें भी भाजपा के एक विधायक ने यह जानकारी दी थी, जिनकी मुख्यमंत्री मोहन यादव से नहीं पटती। इसके अलावा एक अखबार में भी यह प्रकाशित हुआ था कि 500 करोड़ रुपए की संपत्ति एक निजी ट्रस्ट को एक रुपए में दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की पड़ताल की। दिग्विजय के मुताबिक, गूगल सर्च और रजिस्ट्रार कार्यालय से दस्तावेज निकलवाने पर पता चला कि संबंधित न्यास सरकारी ट्रस्ट है।

## खबर एक नजर...

### दूरस्थ शिक्षा में किताबें भी दूर; 4 माह में भी छात्रों को नहीं मिला स्टडी मटेरियल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों का मोहभंग हो रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि यहां अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों को स्टडी लर्निंग मटेरियल (एसएलएम) मिलने में चार-चार महीने तक देरी हो रही है। कई छात्र परीक्षा नजदीक आने तक किताबों का इंतजार करते रहते हैं। ये ?समस्या पिछले कई सालों से लगातार बनी हुई है। इसका नतीजा यह है कि विश्वविद्यालय की छात्र संख्या में भी लगातार गिरावट आ रही है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में यूजी, पीजी समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में करीब 80 हजार विद्यार्थी हैं, जो पहले 1 लाख से ऊपर हुआ करते थे। प्रवेश के समय विद्यार्थियों से स्टडी मटेरियल की राशि भी ली जाती है। नियम कहता है कि सामान्य स्थिति में एडमिशन के एक महीने के भीतर छात्रों तक अध्ययन सामग्री पहुंच जानी चाहिए, लेकिन भोज में हर सत्र में हजारों छात्र किताबों के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। इससे दूरस्थ शिक्षा मॉडल ही कठघरे में आ रहा है। बड़ा सवाल यह है कि डिजिटल युग में भी विश्वविद्यालय छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। जबकि दूरस्थ शिक्षा संस्थानों में डिजिटल स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराना सामान्य व्यवस्था बन चुकी है। छात्र चाहते हैं कि जब तक प्रिंटेड किताबें नहीं मिलतीं, उन्हें वेबसाइट या ई-मेल के माध्यम से एसएलएम उपलब्ध कराया जाए लेकिन ये भी नहीं मिल पाती।

### खंडवा में दो गांवों में गिरी बिजली, दो की मौत

**खंडवा ।** खंडवा जिले में सोमवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली ने कहर बरपा दिया। मूंदी क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंदी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक ही दिन में हुई इन दोनों घटनाओं से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना शाम करीब 4 बजे ग्राम देवला माफी में हुई। यहां 42 वर्षीय किसान रघुवीर पिता छगनलाल अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई। हादसे में वे गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद ग्रामीण तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंदी लेकर पहुंचे, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 600 कर्मचारियों ने 200 एकड़ जंगल से हटाया अतिक्रमण

**खंडवा।** खंडवा में सोमवार को आमाखुजरी जंगल की करीब 200 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमणकारियों ने यहां पेड़-झाड़ियां काटकर मक्के की फसल बोई थी। वन, राजस्व और पुलिस विभाग के 600 अधिकारी-कर्मचारी 30 जेसीबी मशीनों के साथ कार्रवाई में जुटे, जो करीब 6 घंटे तक चली। किसी भी तरह के विरोध से निपटने के लिए 60 महिला पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहीं। टीम अपने साथ आंसू गैस लेकर पहुंची थी। जंगल में गड्ढों और ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर झटका लगने से गैस का गोला फट गया। इसकी चपेट में कुछ पुलिसकर्मी आ गए। बाद में पेटी को खोलकर पूरी गैस बाहर की गई। इस दौरान कलेक्टर ऋषभ गुप्ता, एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर और डीएफओ राकेश कुमार डामोर भी आमाखुजरी में रहे। इससे पहले रविवार को जंगल में बुआई रोकने गए 40 वनरक्षकों की टीम पर अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया था। इसमें 8 कर्मचारी घायल हो गए थे।

### कुएं में गिरा क्रेन का बकेट, दो मजदूर गंभीर घायल

**खंडवा।** खंडवा में रविवार को कुएं के गहरीकरण के दौरान क्रेन मशीन का बकेट टूटकर कुएं में जा गिरा, जिससे कुएं में उतरे दो मजदूर चपेट में आ गए। हादसा इतना भयावह था कि एक मजदूर का हाथ धड़ से लेकर हथेली तक फट गया। बुरी तरह जख्मी दोनों मजदूरों को ग्रामीण जिला अस्पताल लेकर आए। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना कोहदड़ क्षेत्र के ग्राम खापरी में हुई। गांव में खंडवा के एक व्यापारी का खेत है। खेत पर कुएं की खुदाई का काम चल रहा था। जगतपुरा गांव के मंगत नाम के ठेकेदार की क्रेन मशीन लगी हुई थी। वहीं दो मजदूर दिनेश और विक्रम नजदीक के गांव पाडल्या के रहने वाले हैं। दोनों कुएं से मलबा निकालने के लिए नीचे उतरे थे। मलबा निकालने के दौरान ही क्रेन मशीन का बकेट अचानक टूटकर कुएं में गिर गया। वह सीधे मजदूरों पर गिरा। घायलों को रेस्क्यू करके ग्रामीणों ने बाहर निकाला और अस्पताल लेकर आए। ग्रामीणों के मुताबिक, कुआं इतना संकरा था कि दो से ज्यादा मजदूर नीचे उतरकर काम भी नहीं कर सकते। महज 4-5 फीट की चौड़ाई थी। क्रेन मशीन का बकेट गिरने पर वह इधर-उधर भी नहीं हो पाए।

### देवास के गांवों में 40 मिनट बारिश, खेत लबालब हुए

**देवास।** देवास जिले के ग्रामीण अंचलों में सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे मौसम ने करवट ली। राजोदा, सिया और खटांबा सहित आसपास के कई इलाकों में लगभग 40 मिनट तक तेज बारिश हुई। झमाझम बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। तेज बहाव के चलते छोटे नालों में भी पानी बहने लगा। हालांकि, इस दौरान देवास शहर में बारिश नहीं हुई और मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने सोमवार को जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया था।

## प्रदेश के 2 लाख कर्मचारियों के प्रमोशन की तैयारी

# सरकार ने 2029 तक की सीनियरिटी लिस्ट मांगी; HC के फैसले के बाद जारी होंगे आदेश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्यप्रदेश के करीब 2 लाख अधिकारी-कर्मचारियों के 9 साल से अटके प्रमोशन को लेकर सरकार ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद सामान्य प्रशासन विभाग ने 20 विभागों को 2029 तक की सीनियरिटी लिस्ट तैयार कर जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं।

सरकार के प्रमोशन आदेश लागू होने पर प्रदेश के करीब साढ़े 4 लाख अधिकारी-कर्मचारियों पर इसका असर पड़ेगा। वहीं, प्रमोशन से खाली होने वाले करीब 2 लाख पदों पर नई भर्ती का रास्ता भी खुलेगा। इसी को देखते हुए सरकार पहले से पूरा डेटा तैयार करा रही है, ताकि हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद बिना देरी प्रमोशन के आदेश जारी किए जा सकें लोक सेवा प्रमोशन नियम-2025 के विरोध के बीच जीएडी ने सोमवार को 20 विभागों के उप सचिव स्तर के अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में विभागों से एससी, एसटी और अनारक्षित पदों पर कार्यरत अधिकारियों का पूरा डेटा और 2029 तक की सीनियरिटी लिस्ट तैयार करने को कहा गया। नियमों के मुताबिक जनवरी और जुलाई में सीनियरिटी लिस्ट अपडेट की जाएगी और इसी आधार पर आगे प्रमोशन प्रक्रिया चलेगी। ईएनसी के तीन पदों में भी आने वाले समय में रिटायरमेंट के कारण रिक्तियां बढ़ेंगी। जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में भी अधीक्षण यंत्रियों को प्रभारी ईएनसी बनाया गया है। इन विभागों में प्रभार को लेकर विवाद हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है।

### ताकि फैसला आते ही प्रमोशन हो सके

पदोन्नति को लेकर हुई बैठक में जीएडी ने सभी विभागों से अपना प्रमोशन और सीनियरिटी रिकॉर्ड दोबारा जांचने को कहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किस अधिकारी की सीनियरिटी किस स्तर पर है, इसका रिकॉर्ड पूरी तरह अपडेट रखें। ताकि सरकार जैसे ही प्रमोशन का फैसला करे, विभागवार तुरंत प्रमोशन के आदेश जारी किए जा सकें। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्य सचिव अनुराग जैन पहले भी इस संबंध में निर्देश दे चुके हैं। विभागों को लोक सेवा प्रमोशन नियम-2025 के नियम-5 के तहत सीनियरिटी लिस्ट तैयार करने को कहा गया है।

### कई विभाग प्रभार के भरोसे चल रहे

9 साल से प्रमोशन नहीं होने का असर बड़े विभागों में साफ दिखाई दे रहा है। जल संसाधन, पीएचई, लोक निर्माण, नर्मदा घाटी विकास और नगरीय विकास जैसे विभागों में कई वरिष्ठ पद प्रभार के भरोसे चल रहे हैं। पीएचई विभाग में 127 कार्यपालन यंत्री के स्वीकृत पद हैं, लेकिन नियमित रूप से सिर्फ 15 अधिकारी कार्यरत हैं। बाकी पदों पर प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है।

# भोपाल के नवाब जहां से मंगवाते थे बांग्ला पान, वह पान वाली देवरी अब संकट में

## 100 से घटकर सिर्फ 15 परिवारों में सिमटी खेती

### भोपाल के नवाबों के दस्तरख्वान की कभी शान था यह पान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

भोपाल रियासत के नवाबी दौर में जिस बांग्ला पान के स्वाद के नवाब भी मुरीद हुआ करते थे, आज उसी पान वाली देवरी का ऐतिहासिक वजूद संकट में है। कभी 100 से अधिक परिवारों की आजीविका का साधन रही यह पारंपरिक खेती आज बढ़ते तापमान, सिंचाई के अभाव और प्रदूषित पानी के कारण सिमटकर महज 15 से 20 परिवारों तक रह गई है।

सदियों पुरानी इस लुप्त होती धरोहर को बचाने के लिए अब प्रशासन आगे आया है। हाल ही में एसडीएम अंकित जैन ने खुद बराजों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और किसानों को इसे पुनर्जीवित करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पान की पत्तियां तोड़कर स्वाद भी चखा। देवरी की पहचान पान उत्पादन से रही है। किसानों ने बताया कि अत्यधिक तापमान से नुकसान हो रहा है। सिंचाई की दिक्कत है। तालाब का पानी प्रदूषित है। इससे पान की गुणवत्ता गिर रही है। पैदावार भी लगातार घट रही है। किसानों के मुताबिक पहले 100 से ज्यादा परिवार पान की खेती से जुड़े थे। अब 15 से 20 परिवार ही इस परंपरा को बचाए हुए हैं।

भोपाल रियासत के नवाबी दौर में शाही दस्तरखान पर सजे लजीज पकवानों के बाद महफिल की असली रंगत देवरी के खास बांग्ला पान से जमती थी। नवाबों के शौकीन मिजाज का आलम यह था कि देवरी के बराजों से चुनिंदा, बेहद मुलायम और खुशबूदार पत्तियों को विशेष दूतों के जरिए रोजाना ताजी हालत में भोपाल के शाही महलों तक पहुंचाया जाता था। चांदी के खास खासदानों (पान रखने का डिब्बा) में सजने वाला यह पान सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि नवाबी में हमाननवाजी और रसूख का प्रतीक हुआ करता था। बुजुर्ग बताते हैं कि देवरी के इस पान का जायका इतना अनूठा था कि इसके बिना भोपाल के नवाबों का शाही दस्तरखान अधूरा माना जाता था।

### पान के बराजों में आग के बाद उबर नहीं पाए किसान

किसान राधेलाल चौरसिया, संजय चौरसिया, परम चौरसिया, भागवत चौरसिया ने बताया कि शासन स्तर से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही। आधुनिक सुविधाएं नहीं मिल रहीं। खेती कमजोर पड़ती जा रही है। किसानों पर आर्थिक संकट बढ़ रहा है। किसानों ने बताया कि 1975 में पान के बराजों में आग लगी थी। खेती को बड़ा नुकसान हुआ था। इसके बाद से उत्पादन में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। देवरी के बांग्ला पान को जीआई टैग क्यों नहीं?: महोबा के देशावरी पान और बनारसी पान को जीआई टैग मिल चुका है। महोबा का देशावरी पान मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के महोबा जिले में उगाया जाता है। इसका कुछ उत्पादन मप्र की सीमा से लगे छतरपुर जिले में भी होता है। इसे मखमली बनावट, कुरकुरे स्वाद और खुशबू के लिए जाना जाता है। इसे 2021 में जीआई टैग मिला था। इसी तरह बनारसी पान वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में तैयार किया जाता है। इसे 2023 में जीआई टैग दिया गया। सवाल यह है कि अगर महोबा के देशावरी पान और बनारसी पान को जीआई टैग मिल सकता है, तो भोपाल के नवाबों की पसंद रहे देवरी के बांग्ला पान को क्यों नहीं?

## 3 साल की जुड़वां बहनों ने रचा इतिहास, लंदन में मिला वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान

# बनीं दुनिया की सबसे कम उम्र की फीमेल ड्रमर

### जिस उम्र में बच्चे खेलते हैं, उस उम्र में संभाला जटिल वाद्य यंत्र

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**



जिस उम्र में बच्चे ठीक से पेंसिल पकड़ना सीखते हैं, उस उम्र में भोपाल की जुड़वां बहनें सान्वी नाहर और समन्वी नाहर ड्रम सेट पर अपनी थाप से विश्व रिकॉर्ड बना रही हैं। महज 3 वर्ष 9 माह की उम्र में दोनों बहनों ने 'यंगेस्ट फीमेल ड्रमर' का खिताब हासिल कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन (यूके) में अपना नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के लिए दोनों को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमंस में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

सान्वी और समन्वी ने 21 मार्च 2026 को ड्रम सेट पर एक निर्धारित ट्रैक को 1 मिनट 20 सेकंड में सफलतापूर्वक पूरा कर यह रिकॉर्ड बनाया। रिकॉर्ड बनने के बाद संस्था ने उन्हें प्रमाण-पत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान की। उनकी उपलब्धि को संस्था के आधिकारिक प्रकाशनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दर्ज किया गया है।

बच्चियों की मां डॉ. निकिता नाहर ने बताया कि ड्रमिंग बेहद जटिल वाद्य यंत्र है, जिसे सामान्यतः पांच वर्ष की आयु के बाद ही सिखाया जाता है। लेकिन सान्वी और समन्वी ने महज सवा तीन साल की उम्र से ड्रम सीखना शुरू किया और नियमित अभ्यास के दम पर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने कहा कि दोनों बच्चियों ने 1 मिनट 20 सेकंड तक लगातार ड्रम पर प्रस्तुति देकर 'यंगेस्ट फीमेल ड्रमर' का विश्व रिकॉर्ड बनाया। डॉ. नाहर ने बताया कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है कि उनकी बेटियों को ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ कॉमंस में आयोजित समारोह में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। उनका मानना है कि बच्चों की रुचि को सही समय पर पहचानकर उचित मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन दिया जाए तो वे छोटी उम्र में भी असंभव लगने वाली उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। यही वजह है कि आमतौर पर बच्चों को पांच वर्ष की उम्र के बाद ही ड्रम सीखने की सलाह दी जाती है। लेकिन सान्वी और समन्वी ने महज सवा तीन साल की उम्र में ड्रम सीखना शुरू कर दिया और कुछ ही महीनों में ऐसा कौशल विकसित किया कि विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

# न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग तेजःहर दूसरा ईपीएस पेंशनर 1000 रुपए से कम में कर रहा गुजारा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

महंगाई के दौर में कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) की हकीकत चिंता बढ़ाने वाली है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 2024-25 के वार्षिक लेखे के अनुसार देश के 81.48 लाख पेंशनरों में 36.82 लाख को हर महीने 1000 रुपए से भी कम पेंशन मिल रही है। यानी लगभग हर दूसरा पेंशनर इतनी राशि में गुजारा करने को मजबूर है। वहीं मृत कर्मचारियों के बच्चों को मिलने वाली औसत पेंशन सिर्फ 641 रुपए प्रतिमाह है।

ईपीएफ मामलों के जानकार चंद्रशेखर परसाई कहते हैं कि मौजूदा ईपीएस व्यवस्था सामाजिक सुरक्षा का मूल उद्देश्य पूरा नहीं कर पा रही है। उनका कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ी, लेकिन पेंशन संरचना उसी अनुपात में नहीं बदली।

### भारत इसे एकतरफा खत्म नहीं कर सकता

# पाकिस्तान बोला- हमारा पानी रोका तो हाथ काट देंगे, सिंधु जल संधि अब भी लागू



### भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता क्या है?

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाकिस्तान के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई। दोबारा हुए समझौते में भारत पानी देने को राजी हो गया।

इसके बाद 1951 से लेकर 1960 तक वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत पाकिस्तान में पानी के बंटवारे को लेकर बातचीत चली और आखिरकार 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के ढट नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए। इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।

पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि पर एक बार फिर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा कि अगर किसी ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने की कोशिश की तो हम उन हाथों को काट देंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी को रोकना चाहता है।

मुसादिक मलिक ने सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री के हाथ में एक नल है। वे कहते हैं कि पाकिस्तान में पानी की एक बूंद भी नहीं जाने देंगे। जो हमारे हिस्से के पानी पर दावा करेंगे, उनके हाथ काट दिए जाएंगे। वहीं अताउल्लाह तरार ने कहा कि सिंधु जल संधि कानूनी रूप से अब भी लागू है। भारत इसे न तो एकतरफा स्थगित कर सकता है, न रद्द कर सकता है और न ही इसमें बदलाव कर सकता है।

पाकिस्तानी मंत्रियों ने बताया कि मंगलवार को इस्लामाबाद में सिंधु जल संधि पर पहला अंतरराष्ट्रीय सेमिनार किया जाएगा। इसमें कानूनी एक्सपर्ट, जल एक्सपर्ट्स और विदेशी प्रतिनिधि शामिल होंगे। सेमिनार में संधि के कानूनी और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा होगी।

डॉन के मुताबिक, तरार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत पाकिस्तान के अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पहले भी साफ कर चुके हैं कि पानी हमारी जीवनरेखा है और यह हमारी रेड लाइन भी है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 21 जून को सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी थी। पाकिस्तानी चैनल अफ न्यूज से बातचीत में आसिफ ने कहा कि अगर पाकिस्तान को लगा कि उसकी जल सुरक्षा खतरे में है, तो वह भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी के प्रवाह में दखल दे रहा है और रणनीतिक हथियार के तौर पर इसका इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले एक साल में इस मामले में क्या नए घटनाक्रम हुए हैं, इसकी उन्हें पूरी जानकारी नहीं है।

# इंडिगो की अहमदाबाद-मुंबई फ्लाइट की सूरत में इमरजेंसी लैंडिंग

### उड़ान के दौरान 3 साल का बच्चा बेहोश हुआ, समय पर इलाज मिलने से बची जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद




अहमदाबाद से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-7018 में सोमवार शाम 3 साल का बच्चा बेहोश हो गया। उसकी हालत बिगड़ने पर पायलट ने मेडिकल इमरजेंसी घोषित की। फ्लाइट की सूरत एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बच्चे को सूरत के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बच्चे की पहचान सौरभ के रूप में हुई है। फ्लाइट में मौजूद दो डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक इलाज देने की कोशिश की, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (अळउ) से संपर्क कर सूरत एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति मांगी।

मेडिकल इमरजेंसी की सूचना मिलते ही सूरत एयरपोर्ट को अलर्ट कर दिया गया। उक्त्र्र्र एयरपोर्ट की मेडिकल टीम और इंडिगो की ग्राउंड टीम ने पहले से तैयारी कर ली। विमान के उतरते ही डॉक्टर अंदर पहुंचे। बच्चे को प्राथमिक इलाज देने के बाद एम्बुलेंस से प्राइवेट हॉस्पिटल भेज दिया गया। बच्चे को अस्पताल पहुंचाने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन और इंडिगो ने जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके बाद फ्लाइट मुंबई के लिए रवाना हो गई। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक, इस इमरजेंसी लैंडिंग का दूसरी उड़ानों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

#### 15 जून: जयपुर में इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

दिल्ली से मुंबई जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में एक पैसेंजर की तबीयत बिगड़ गई। पैसेंजर की स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत मेडिकल इमरजेंसी घोषित की और जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया।दरअसल, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए-322 दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान एक पैसेंजर की तबीयत खराब हो गई। विमान में मौजूद क्रू मेंबर्स ने प्राथमिक स्तर पर पैसेंजर को सहायता उपलब्ध कराई, लेकिन स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नहीं होने पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क कर नजदीकी एयरपोर्ट पर लैंडिंग की अनुमति मांगी गई।

### बेंगलुरु में 2 युवतियों समेत 3 का मर्डर, युवक ने डिनर पर बुलाकर गला काटा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग मामलों में दो युवतियों की हत्या कर दी गई। दोनों युवतियों की हत्या का आरोप उनके बॉयफ्रेंड पर है। एक युवती के परिवार ने बॉयफ्रेंड पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। वहीं एक अन्य मामले में तीन लोगों ने बीच रोड पर एक शख्स का मर्डर कर दिया। पहली घटना महालक्ष्मी लेआउट से सामने आई, जहां शादी को लेकर हुए झगड़े के बाद 23 साल की अंजलि की उसके प्रेमी राजीव ने हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों तीन साल से ज्यादा समय से रिलेशन में थे। हालांकि, राजीव के आपराधिक रिकॉर्ड के चलते अंजलि का परिवार रिश्ते के खिलाफ था।

रविवार शाम को राजीव ने अंजलि को डिनर के लिए बुलाया। युवक ने अंजलि फिर से शादी के लिए प्रपोज किया। लेकिन अंजलि के मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान राजीव ने अंजलि की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चिक्काबल्लापुर जिले के पर्यटन स्थल नंदी हिल्स के पास एक फिजियोथेरेपिस्ट बंद रिसॉर्ट के कमरे के अंदर मृत पाई गई। बगल में ही उसका बॉयफ्रेंड बेहोश पड़ा था। युवक पेशे से कैब ड्राइवर है। पुलिस ने प्राथमिक जांच में बताया है कि युवक ने युवती की हत्या करने के बाद सुसाइड की कोशिश की थी।

# 36 साल बाद यासीन मलिक की चार्जशीट पेश

### आरोप- कश्मीरी पंडित नर्स को किडनैप कर 4 दिन टॉर्चर किया, फिर मार डाला




ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीनगर

कश्मीरी पंडित नर्स सरला भट्ट के किड्नैप और हत्या के 36 साल पुराने केस में जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने सोमवार को चार्जशीट कोर्ट में पेश की है। 737 पन्नों की चार्जशीट में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के तत्कालीन चीफ कमांडर यासीन मलिक समेत 5 लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट के मुताबिक, यासीन मलिक और उसके साथियों ने सरला भट्ट की किडनैपिंग और उनकी हत्या की साजिश रची थी। यासीन फिलहाल आतंकी फंडिंग के मामले में तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

वहीं, मुख्य शूटर खुर्शीद अहमद चालको अब भी फरार है। उसके PoK में छिपे होने की आशंका है। सरला को गोली मारने वाला वही था। तीन और आरोपी अब्दुल हमीद शेख, मोहम्मद यूसुफ सोफी उर्फ इदरीस और गुलाम मोहम्मद टपलू की मौत हो चुकी है। सरला भट्ट अनंतनाग की रहने वाली थीं। वह श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सौरा में स्टाफ नर्स थीं।

18 अप्रैल 1990 को सरला रोज की तरह ड्यूटी पर जा रही थीं। इसी दौरान अस्पताल परिसर के पास से उन्हें उठा लिया गया। चार दिन तक अलग-अलग जगह रखा गया। इस दौरान बुरी तरह टॉर्चर किया गया। बाद में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

सरला के गायब होने के चार दिन बाद उसका शव श्रीनगर के डाउनटाउन इलाके में मिला। शरीर पर गोलियों के कई निशान थे। टॉर्चर के भी निशान थे। शव के पास मिले एक नोट में उन्हें सुरक्षाबलों का मुखबिर बताया गया था। हत्या के बाद आतंकियों ने उनके घर पर ग्रेनेड भी फेंका। इसके बाद उनका परिवार कश्मीर छोड़ने को मजबूर हो गया।

#### 34 साल बाद SIA को जांच सौंपी गई थी

मार्च 2024 में यह केस जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को सौंपा गया। इसके बाद एजेंसी ने करीब दो साल तक मामले की जांच की। जांच के दौरान कई जगह छापेमारी की गई। पुराने रिकॉर्ड खंगाले गए। गवाहों के बयान दर्ज किए गए। मेडिकल, फोरेंसिक, बैलिस्टिक, दस्तावेजी और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जुटाए। इन्हीं सबूतों के आधार पर 737 पन्नों की चार्जशीट तैयार की गई।

### यासीन JKLF का कमांडर था अब उम्रकैद की सजा काट रहा

#### 1980 के दशक में आतंकवाद से जुड़ा




यासीन मलिक 1980 के दशक के आखिर में JKLF से जुड़ा। 1989-90 में घाटी में आतंकवाद बढ़ने के दौरान वह संगठन के प्रमुख चेहरों में शामिल था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, उस दौर में कई आतंकी घटनाओं की साजिश में उसकी भूमिका रही।

#### 1994 में हथियार छोड़े, अलगाववादी राजनीति शुरू की

1994 में यासीन मलिक ने हथियार छोड़ने का ऐलान किया। इसके बाद उसने खुद को अलगाववादी नेता के तौर पर पेश किया। वह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से भी जुड़ा और लंबे समय तक कश्मीर में अलगाववादी राजनीति का चेहरा बना रहा।


#### 2019 में JKLF पर प्रतिबंध लगा

केंद्र सरकार ने फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून (UAPA) के तहत प्रतिबंध लगा दिया। सरकार ने संगठन पर आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया।

#### 2022 में उम्रकैद की सजा

मई 2022 में दिल्ली की NIA कोर्ट ने आतंकी फंडिंग और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े मामले में यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।

# 2029 से अमरनाथ के लिए केबल कार चलाने की तैयारी



### अप्रैल 2027 से काम शुरू होगा; 5-8 घंटे का सफर 30 मिनट में पूरा होगा

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु 2029 से बालटाल रूट पर केबल कार से सफर कर सकेंगे। केंद्र सरकार अगले साल अप्रैल से 11.6 किमी लंबे रोपवे प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू करने की तैयारी में है। परियोजना पूरी होने के बाद बालटाल से संगम टॉप तक पहुंचने में 5 से 8 घंटे की जगह 25 से 30 मिनट लगेंगे।

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार कर ली है। इसे केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। सूत्रों के मुताबिक नवंबर-दिसंबर में टेंडर जारी किए जाएंगे। अप्रैल 2027 से निर्माण शुरू होगा। 2029 तक इसे चालू करने का लक्ष्य है।

केबल कार बालटाल के डोमेल गेट से चलकर संगम टॉप तक जाएगी। मुख्य गुफा और प्राकृतिक बर्फ के शिवलिंग की संवेदनशीलता को देखते हुए इसका आखिरी स्टेशन गुफा से करीब 2' पहले बनाया जाएगा।

अभी बालटाल से अमरनाथ गुफा तक 14' पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। केबल कार शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं को सिर्फ 2-3' पैदल या पालकी से जाना होगा।

सूत्रों के मुताबिक रोपवे मौजूदा पैदल मार्ग के बिल्कुल समानांतर नहीं बनेगा। इसे पहाड़ियों और गहरी खाइयों के ऊपर से सीधी हवाई लाइन में बनाया जाएगा। हालांकि, इसके टर्मिनल पैदल मार्ग से जुड़े रहेंगे, ताकि किसी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला जा सके।


यह केंद्र सरकार की 'पर्वतमाला' योजना के तहत बनाया जा रहा है। निर्माण की जिम्मेदारी सड़क परिवहन मंत्रालय की नोडल एजेंसी नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के पास है।

डीपीआर के मुताबिक इस परियोजना पर करीब 1,200 करोड़ खर्च होंगे। यह जम्मू-कश्मीर में पहले चरण में बनने वाले ?16 हजार करोड़ के 8 बड़े रोपवे प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

केबल कार ऑल-वेदर तकनीक से लैस होगी और तेज हवा व बर्फबारी में भी चल सकेगी। लेकिन सर्दियों में संगम टॉप से गुफा तक का 2-3 किमी पैदल रास्ता भारी बर्फ से बंद रहता है। इसलिए यात्रा गर्मियों के सीजन में ही संभव होगी।

बालटाल से गुफा तक पहुंचने का समय 5-8 घंटे से घटकर 25-30 मिनट रह जाएगा। डीपीआर के मुताबिक प्रति घंटे 1,500 से






2,000 श्रद्धालु सफर कर सकेंगे। यानी एक दिन में करीब 20 हजार श्रद्धालुओं के आने-जाने की क्षमता होगी। अभी बालटाल रूट से रोज 10 हजार श्रद्धालुओं को ही यात्रा की अनुमति मिलती है। ब्लूप्रिंट के मुताबिक 30 से 50 बंद केबिन वाली केबल कारें चलाई जाएंगी। हर केबिन में 6 से 8 यात्री बैठ सकेंगे।

सबसे मुश्किल हिस्सा बरारीमार्क और संगम टॉप का होगा। बरारीमार्क में तेज बफीर्ली हवाओं के बीच पिलर खड़े करना चुनौती है। वहीं संगम टॉप हिमस्खलन (एवलांच) प्रभावित क्षेत्र है, जहां पिलरों को ग्लेशियर के दबाव से सुरक्षित रखना होगा। इसके अलावा निर्माण के लिए हर साल जून से अक्टूबर तक करीब चार महीने का ही समय मिलेगा।

#### 3 जुलाई से यात्रा शुरू, अभी हिमलिंग करीब 5 फीट ऊंचा

इस साल 3 जुलाई से बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा शुरू होगी। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी। कुल 57 दिनों की यात्रा चलेगी।

अभी बाबा बफार्नी का हिमलिंग करीब 5 फीट ऊंचा है। यात्रा शुरू होने तक इसके करीब साढ़े चार फीट का रह जाने का अनुमान है। पिछले साल यात्रा के पहले दिन हिमलिंग की ऊंचाई करीब 4 फीट थी। पिछले दो साल से कश्मीर में सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ रही है। इसका असर हिमलिंग पर भी पड़ रहा है। यात्रा शुरू होने से पहले ही हिमलिंग का आकार घटने लगता है। यात्रा के लिए ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराने वाले श्रद्धालुओं को मंगलवार से जम्मू में टोकन दिए जाएंगे। टोकन लेने वाले श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन और फ्क्र्क्र्ळ कार्ड जारी करने की प्रक्रिया 2 जुलाई से शुरू होगी।



■ वर्ष-12 अंक-237 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 30 जून, 2026

## सुभाषितानि

वयसि गते कः कामविकारः, शुष्के नीरे कः कासारः।
क्षीणे वित्ते कः परिवारः, ज्ञाते तत्त्वे कः संसारः॥

**भावार्थ** : आयु बीत जाने के बाद काम भाव नहीं रहता, पानी सूख जाने पर तालाब नहीं रहता, धन चले जाने पर परिवार नहीं रहता और तत्त्व ज्ञान होने के बाद संसार नहीं रहता।

सत्संगत्वे निस्संगत्वं, निस्संगत्वे निर्मोहत्वं।
निर्मोहत्वे निश्चलतत्त्वं निश्चलतत्त्वे जीवन्मुक्तिः॥

**भावार्थ** : सत्संग से वैराग्य, वैराग्य से विवेक, विवेक से स्थिर तत्त्वज्ञान और तत्त्वज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## सम्पादकीयम्

# अन्यः संघर्षः पाकिस्तानस्य

पाकिस्तान-अफगानिस्तानयोः द्वन्द्वस्य सर्वाधिकं मूल्यं साधारणाः जनाः ददति। डुराण्ड् रेखायाः उभयतः निवसन्तः पूर्वमेव आतङ्कवादः, दारिद्र्यः च इत्यादिभिः अनेकैः कष्टैः सह जूझन्ति। अफगानिस्तानदेशे बहवः निर्दोषजनानाम् जीवनं तुलायां लम्बते। तालिबान्-सङ्घस्य सत्तां प्रत्यागत्य द्वयोः राष्ट्रयोः सम्बन्धाः क्षीणाः अभवन्। नवीदिल्ली- सम्प्रति सवेर्षां दृष्टिः अमेरिका, इजरायल्, इरान् च सम्बद्धेषु तनावेषु निहिताः सन्ति। संकीर्णं होर्मुज्-जलसन्धिस्य उपरि सम्पूर्णं विश्वं निःश्वासं धारयति। परन्तु अन्यः प्रदेशः अस्ति यत्र स्थितिः तीव्रगत्या दुर्गतिम् अवाप्नोति, निर्दोषाणां प्राणानां च हानिः भवति। अफगानिस्तानदेशे पाकिस्तानस्य विमानप्रहाराः अन्तर्राष्ट्रीयमान्यतानां मानवअधिकारस्य च प्रकटं उल्लङ्घनम् अस्ति। पाकिस्तानस्य विमानप्रहाराः द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये नवीनतमः संघर्षः गतमासस्य २६ दिनाङ्के आरब्धः यदा पाकिस्तानेन एकपक्षीयरूपेण मुक्तयुद्धम् इति घोषितम्। पाकिस्तानसैन्येन काबुल-कन्दहार-सहितेषु अनेकक्षेत्रेषु विमान-आक्रमणानि कृतानि सन्ति। गुरुवासरे रात्रौ अपि विमानप्रहाराः कृताः, यस्य परिणामेण बहुविधाः जनाः मृताः इति तालिबान्-सङ्घस्य आरोपः अस्ति। तालिबान् अपि प्रतिकारात्मकानि आक्रमणानि आरभते, परन्तु तस्य सैन्यशक्तिः-विशेषतः तस्य विमानक्षमता-पाकिस्तानस्य अपेक्षया बहु न्यूना अस्ति।

'लोकतन्त्रसेनानीना' कृते प्रमुखं उपहारम्ः ग्रामस्य उद्यानानि,

# तेषां नाम धारयितुं मार्गाः च; सर्किट् हाउस् इत्यत्र द्विदिनं निःशुल्कं वासः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशसर्वकारेण 'लोकतन्त्रसेनानीनां' (आपातकालस्य समये मिसा-अन्तर्गतं निरुद्धानां) सम्मानं कर्तुं, तेषां योगदानस्य स्थायि-मान्यतां दातुं च उद्दिश्य अनेकाः महत्त्वपूर्णाः घोषणाः कृताः सन्ति। शुक्रवासरे भोपालस्य रविन्द्रभवने आयोजिते राज्यस्तरीये लोकतन्त्रसेनानी सम्मेलने मुख्यमन्त्री डॉ. मोहनयादवः घोषितवान् यत् राज्यस्य ग्रामेषु नगरेषु च उद्यानानि, मार्गाणि, क्रीडाङ्गणानि च अतः परं मृतानां लोकतन्त्रसेनानीनां नामधेयेन नामकरणं भविष्यति। तदतिरिक्तं लोकतन्त्रसेनानिनः सवेर्षु राज्यविश्रामगृहेषु परिपथगृहेषु च निःशुल्कं द्विदिनस्य निवासस्य अधिकारिणः भविष्यन्ति। मुख्यमन्त्री तेषां कृते विशेषतीर्थयात्रा, निःशुल्कचिकित्सा, एयर एम्बुलेन्ससेवा इत्यादीनां सुविधानां घोषणां अपि कृतवान्।

मुख्यमन्त्री डॉ. मोहन यादवः समारोहस्य दीपं प्रज्वलयित्वा सम्मेलनस्य उद्घाटनं कृत्वा लोकतन्त्रसेनानीभ्यः पुष्पदलस्य वर्षणं कृत्वा सम्मानं कृतवान्। अस्मिन् अवसरे ९६ वर्षीयः लोकतन्त्रसेनानी लक्ष्मीनारायणपाटीदारः, ९५ वर्षीयः शान्तिलालसंघवी, पूर्वमन्त्री उमाशंकरगुप्तः च विशेषसम्मानं प्रदत्तवन्तः। कार्यक्रमे आपत्कालीनयुगस्य घटनानाधारितं लघुचलच्चित्रमपि प्रदर्शितम्।

स्वभाषणे मुख्यमन्त्री उक्तवान् यत् लोकतन्त्रसेनानानां संघर्षः स्वातन्त्र्य-आन्दोलनात् न्यूनः नास्ति। आपत्काले देशे एतादृशं वातावरणं निर्मितम् यत्र जनाः



कस्यापि श्रवणं विना कारागारे स्थापिताः इति सः टिप्पणीं कृतवान्। परिवाराः कठिनपरिस्थितीनां सामनां कुर्वन्ति स्म, तथापि लोकतन्त्रसेनानिनः लोकतान्त्रिकमूल्यानां रक्षणार्थं स्वसङ्घर्षे अडिगाः आसन्। अद्यत्वे देशस्य लोकतन्त्रं एतेषां एव व्यक्तिनां त्यागस्य समर्पणस्य च परिणामः इति सः प्रतिपादितवान्।

काङ्ग्रेसपक्षे संविधानस्य दुरुपयोगस्य आरोपं कृत्वा मुख्यमन्त्री उक्तवान् यत् लोकतन्त्रस्य रक्षणं कुर्वतां सम्मानं कर्तुं सर्वकारस्य कर्तव्यम् अस्ति। सः अवलोकितवान् यत् भारतं सम्प्रति विश्वस्य बृहत्तमः लोकतन्त्रः अस्ति, लोकतन्त्रयोद्धानां संघर्षैः एषा लोकतान्त्रिकविरासतः सुदृढा अभवत्।

सम्मेलने मुख्यमन्त्री लोकतन्त्रसेनानीनां कृते अनेकानि नवीनसुविधानि घोषितवान्। सः अवदत् यत् राज्यसर्वकारः तेषां तीर्थयात्रायै विशेषयानं प्रक्षेपयिष्यति, येन ते देशस्य प्रमुखधार्मिकस्थलानां भ्रमणं कर्तुं शक्नुवन्ति। तदतिरिक्तं तेभ्यः सवेर्षु राज्यसञ्चालितविश्रामगृहेषु, परिपथगृहेषु च द्वौ दिवसौ निःशुल्कवासः प्रदत्तः भविष्यति। मुख्यमन्त्री स्वर्गीयस्य 'लोकतन्त्रसेनानिस्' (लोकतन्त्रसेनानीनां) ग्रामेषु नगरेषु च तेषां सम्मानार्थं स्मारकपट्टिकाः स्थापिताः भविष्यन्ति इति अपि घोषितवान्। स्थानीयस्तरस्य उद्यानानि, मार्गाणि, क्रीडाङ्गणानि च तेषां नामकरणं करिष्यन्ति येन भावी पीढयः लोकतन्त्रस्य रक्षणार्थं तेषां योगदानं स्मर्तुं शक्नुवन्ति। एतेषां लोकतन्त्रयोद्धानां स्वास्थ्यसम्बद्धाः अपि सर्वकारेण महत्त्वपूर्णाः निर्णयाः कृताः सन्ति। मुख्यमन्त्री अवदत् यत् तेभ्यः निःशुल्कचिकित्सासुविधाः प्रदत्ताः।

22 लक्षरूप्यकाणां पुनर्भुक्तिं

# कृत्वा अपि बंधकभूमिः न प्रत्यागच्छत् आहतः परिवारः एस.पी.तः न्यायं याचते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एकः परिवारः आर्थिका आवश्यकतायाः समये स्वजनस्य बन्धकभूमिं पुनः प्राप्तुं असफलः भूत्वा न्यायं प्राप्तुं पुलिस अधीक्षकस्य (एसपी) कार्यालयस्य समीपं गतः, यद्यपि धनं प्रतिदत्तम् आसीत् आहतः परिवारः आरोपितवान् यत् 22 लक्षं धनं प्रत्यागत्य अपि अभियुक्तः भूमिं धारयति, अधुना स्वसम्पत्त्याः इति दावान् कृत्वा भूमिं रिक्तं कर्तुं नकारयति।

शुक्रवासरे सपा-कार्यालयं गतवती जसुजा-नगरस्य निवासी तलविन्दर-कौरः अवदत् यत् तस्याः पतिस्य बलबीरसिंहस्य अग्रजः चरणजीतसिंहः भेडाघाटक्षेत्रे स्वभूमिं २२ लक्षं मूल्येन बन्धकं कृतवान् यदा तस्य धनस्य आवश्यकता आसीत्। सम्पूर्णं धनं समये एव प्रतिदत्तं, तथापि भूमिः न प्रत्यागतवती इति परिवारस्य दावानुसारम्।

आरोपः अस्ति यत् प्रतिदेयतासमये अभियुक्तपक्षेण रजिस्ट्रीकार्यालये 'त्यागपत्रम्' (हक त्यागपत्रम्) हस्ताक्षरितम् अभवत्, अधुना सः तस्य दस्तावेजस्य आधारेण सम्पूर्णभूमौ स्वामित्वं प्रतिपादयति। अपि च भूमिः आक्रान्तः अन्येभ्यः भाडेन दत्ता अस्ति। आहतः परिवारः मन्यते यत् सम्झौता केवलं भूमिबन्धनार्थं एव आसीत्, न तु विक्रयणार्थं।

अतिरिक्तपुलिस अधीक्षकः सूर्यकान्तशर्मा इत्यनेन उक्तं यत् शिकायतां प्राप्ता अस्ति, तथा च आवेदनं भेदाघाट स्टेशन हाउस ऑफिसर इत्यस्मै अन्वेषणार्थं प्रेषितं भवति। अन्वेषणकाले प्रस्तुतदस्तावेजानां परीक्षणं भविष्यति यत् कस्मिन् परिस्थितौ परित्यागपत्रं निर्मितम्, साक्षिणः के आसन्, समग्रप्रक्रियायाः समाप्तिः केन आधारेण कृता इति। सः अपि अवदत् यत् सवेर्षां सम्बन्धितपक्षेभ्यः वक्तव्यं अभिलेखितं भविष्यति। यदि अन्वेषणेन धोखाधड़ीयाः प्रमाणं वा सम्पत्तिस्य धोखाधड़ीहस्तस्य वा प्रमाणं दृश्यते तर्हि आरोपिणां विरुद्धं प्रासंगिकधाराभि।

# सामुदायिकपरिचयः जन्मना एव निर्धारितः भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

वगीर्कृतस्य 'मुस्लिम-लेब्बाई'-समुदायस्य सदस्यत्वेन परिचयं कृत्वा प्रमाणपत्रं प्राप्तुं आवेदनं कृतवान् तहसीलदारस्य आवेदनं अङ्गीकृत्य उच्चन्यायालयस्य समीपं गतः। याचिकाकर्ता ९ मार्च २०२४ दिनाङ्कस्य सर्वकारीय-आदेशस्य उद्धृतवान् यस्मिन् इस्लामधर्मं स्वीकृतवन्तः कतिपयेषां व्यक्तिनां आरक्षणलाभानां व्यवस्था कृता आसीत्। परन्तु न्यायालयेन राज्यसर्वकारस्य तर्कः न स्वीकृतः। उच्चन्यायालयेन स्वस्य निर्णये अवलोकितं यत् यद्यपि मुस्लिमसमाजस्य अन्तः अनेकाः समुदायाः सन्ति-यथा रोथर, मराक्कायार, लेब्बाई, दख्नी च-तथापि तेषां परिचयः जन्मना एव निर्धारितः भवति।

## राशिफल

**मेष** : आप समृद्धि भी देख सकते हैं। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज का दिन बदलावों भरा रहने वाला है।

**वृषभ** : आज का दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। आपको जोखिम लेना पसंद हैं क्योंकि वे आपको मजबूत बनाते हैं।

**मिथुन** : धन से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं होगा। लव के मामले में कभी साथी की बातें भी सुननी चाहिए।

**कर्क** : आज का दिन हैप्पी-हैप्पी रहने वाला है। नए टास्क के प्रति अलर्ट रहें, जो आपको प्रमोशन भी दिला सकते हैं।

**सिंह** : आज के दिन क्लियर करें कि आप सभी व्यवसायिक कार्य पूरा कर लें। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहना अच्छा होता है।

**कन्या** : आज फाइनेंस तौर पर दिन शुभ माना जा रहा है। रिश्ते के मुद्दों को जिम्मेदारी के साथ संभालें।

**तुला** : लवर के साथ अधिक समय बिताएं। आज का दिन मिल-जुला रहने वाला है। सफलता कमिटमेंट और मेहनत से आती है।

**वृश्चिक** : दिन रोमांटिक रहेगा, जिससे आपके प्रेम जीवन पर सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। आज स्वास्थ्य भी अच्छा रहने वाला है।

**धनु** : आज के दिन आप समृद्ध रहेंगे। प्रमोशन हासिल करने के लिए नए लक्ष्य की तलाश करें।

**मकर** : आज का आपका दिन शुभ रहने वाला है। पैसों की कोई समस्या नहीं होगी। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** : छोटी-मोटी रुकावटों के बावजूद व्यवसायिक रिजल्ट पॉजिटिव रहेंगे। आज का दिन प्रोडक्टिव रहने वाला है।

**मीन** : आज का दिन शानदार रहने वाला है। सेहत थोड़ी गड़बड़ हो सकती है। इसलिए बाहर के खाने से परहेज करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# जुलाई में होगा ग्रहों का बड़ा राशि परिवर्तन, जानिए किन राशियों लिए रहेगा मुश्किलों भरा समय

जुलाई का महीना ग्रहों के गोचर के अनुसार के बहुत ही खास रहेगा। इस माह शनि वक्री होंगे और गुरु अस्त।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जुलाई का महीना ग्रहों के राशि परिवर्तन के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण रहने वाला होगा। जुलाई माह में जहां गुरु और शनि की चाल में परिवर्तन देखने को मिलेगा, वहीं इस माह में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन भी देखने को मिल सकता है। माह के शुरूआती दिनों में सबसे पहले शुक्र 4 जुलाई को सिंह राशि में गोचर करेंगे। इसके बाद सूर्य मिथुन राशि की अपनी यात्रा को विराम देते हुए कर्क राशि में गोचर करेंगे। वाणी और बुद्धि के कारक ग्रह बुध 7 जुलाई को मिथुन राशि में गोचर होंगे फिर 23 जुलाई को मार्गी होंगे। 26 जुलाई को न्याय और कर्म के कारक ग्रह शनि वक्री होंगे। वहीं अगर गुरु 15 जुलाई को अस्त होंगे। ऐसे में इसका प्रभाव कुछ राशियों के ऊपर जबरदस्त देखने को मिलेगा।

**जुलाई में शनि चलेंगे उल्टी चाल-** सभी ग्रहों में शनि सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह होते हैं। शनि इस समय मीन राशि में गोचर कर रहे हैं और इस पूरे साल इसी राशि में होंगे। जुलाई महीने में शनि वक्री यानी उल्टी चाल चलेंगे। शनि की उल्टी चाल से देश-दुनिया के साथ-साथ



सभी राशियों के जातकों के ऊपर इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। शनि 27 जुलाई को वक्री होंगे।

**गुरु जुलाई माह में होंगे अस्त-** अतिचारी गुरु जुलाई माह में अस्त हो जाएंगे। गुरु के अस्त होने पर इनके शुभ प्रभाव में कमी देखने को मिल सकती है। ज्योतिष में गुरु ग्रह को सुख, सौभाग्य, संतान और धन आदि के कारक ग्रह माने जाते हैं। गुरु के अस्त होने पर विवाह और दूसरे तरह के मांगलिक कार्य कुछ दिनों के लिए थम जाते हैं।

**कुंभ राशि-** जुलाई का महीना कुंभ राशि वालों के लिए थोड़ा उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है। इस दौरान आपको मनचाही सफलता नहीं मिलेगी। कार्यों में लगातार बाधाएं आती रहेंगी। इस दौरान धन संबंधी दिक्कतों का सामना आपको करना पड़ सकता है। आपको लेन-देन से संबंधित मामलों में पूरे महीने संभलकर रहना होगा। जल्दबाजी में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने बचें। पारिवारिक स्थितियों में आपको बहुत ही संयम के साथ काम लेना होगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए जुलाई का महीना मुश्किलों भरा रह सकता है। आपके ऊपर शनि की ढैय्या चल रही है और इसी माह शनि की उल्टी चाल आपके लिए कई तरह की नकारात्मकता को बढ़ावा देश सकता है। वैवाहिक जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव का सामना आपको करना पड़ सकता है। इस दौरान आपको अजनबी लोगों से बचकर रहना होगा। बेफिजूल के खर्चों पर आपको लगाम लगाना होगा नहीं तो आपकी आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। परिवार में आप किसी मामलों में उलझ सकते हैं।

**वृषभ राशि-** जुलाई का महीना वृषभ राशि वालों के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। कार्यों में लगातार आपके हाथ में निराशा आएंगी जिससे पूरे माह आपके मन में नकारात्मकता छाई रहेगी। शनि के वक्री होने से आपके ऊपर सबसे ज्यादा दबाव रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। जुलाई माह में आपको धन का निवेश करने में बहुत ही सावधानी रखनी होगी।

पराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में हराया, आखिरी मिनट में मार्टिनेली के गोल से जीता ब्राजील

# चार बार का चैंपियन जर्मनी फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

फुटबॉल वर्ल्ड कप में मंगलवार को एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। जब पराग्वे ने चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर बाहर कर दिया।

इससे पहले 5 बार की चैंपियन ब्राजील ने एक रोमांचक मुकाबले में जापान को 2-1 से हराते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। टीम 20वीं बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची है।

ब्राजील अब राउंड ऑफ-16 में आइवरी कोस्ट या नॉर्वे से भिड़ेगा, जबकि पराग्वे का मुकाबला फ्रांस और स्वीडन के विजेता से होगा।

फॉक्सबोरो में फीफा रैंकिंग में 34वें नंबर की टीम पराग्वे ने राउंड ऑफ 32 में 12वें नंबर की जर्मनी को कड़ी टक्कर दी। निर्धारित समय और इंजरी टाइम के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा।

पेनल्टी शूटआउट में जोस कैनाले ने पहला सडन डेथ पेनल्टी गोल किया, जबकि गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने दो अहम बचाव कर टीम को जीत दिलाई। इधर, ह्यूस्टन में ब्राजील की जीत आखिरी क्षणों में आई। दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे गैब्रियल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल कर मुकाबला खत्म होने से ठीक पहले टीम को जीत दिला दी।




### इंजरी टाइम में जोनाथन ताह का गोल अमान्य हुआ

पराग्वे ने 42वें मिनट में बढ़त बनाई। मिगेल अल्मिरोन के पास पर मातियास गालार्सा ने क्रॉस किया, जिस पर जूलियो एनसिसो ने हेडर से गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। जर्मनी ने 52वें मिनट में वापसी की। फ्लोरियन विट्र्ज के क्रॉस पर काई हैवट्र्ज ने हेडर से बराबरी का गोल किया। अतिरिक्त समय के 102वें मिनट में जोनाथन ताह ने कॉर्नर पर गोल किया, लेकिन वीडियो रिव्यू में वाल्डेमार एंटोन द्वारा गोलकीपर ऑरलैंडो गिल को धक्का देने की पुष्टि होने पर गोल रद्द कर दिया गया। जर्मनी ने पहले हाफ में 78% गेंद पर कब्जा रखा, लेकिन पराग्वे की 4-5-1 रक्षात्मक रणनीति नहीं तोड़ सका। ग्रुप स्टेज में 10 गोल करने के बावजूद टीम नॉकआउट में संघर्ष करती दिखी।

### गोलकीपर गिल बोले- हर प्लेयर का विश्लेषण किया

मैच के बाद ऑरलैंडो गिल ने कहा, ह्यहमने हर खिलाड़ी और हर छोटी बात का विश्लेषण किया था। उसी की बदौलत मैं सिर्फ दो पेनल्टी मिस होने दे पाया। यह जीत पराग्वे के सभी लोगों के लिए है। जोस कैनाले ने कहा, 'हमने साबित कर दिया कि हमारी टीम कितनी एकजुट है। आज हमें अपना असली खेल दिखाना था।' काई हैवट्र्ज ने हार के बाद कहा, 'इस वर्ल्ड कप से हमारी बहुत बड़ी उम्मीदें थीं। फिर से निराश होना बहुत मुश्किल है। हम मौके बनाने और खेल की रफ्तार बनाए रखने में संघर्ष करते रहे।'

**मैच में खास-** यह जर्मनी और पराग्वे का वर्ल्ड कप में दूसरा मुकाबला था। 2002 में जर्मनी ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। अब लगभग 24 साल बाद पराग्वे ने उस हार का बदला ले लिया। पराग्वे इससे पहले पांच नॉकआउट मुकाबलों में गोल नहीं कर पाया था। 2010 में उसने जापान को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार नॉकआउट मैच जीता था। जर्मनी 2014 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद पहली बार नॉकआउट मैच खेल रहा था। पिछली दो बार वह ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया था।

**ब्राजील ने इंजरी टाइम में छीनी जीत-** जापान ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई। काइशू सानो ने मिडफील्ड में ब्राजील की गलत पासिंग का फायदा उठाकर दूर से दाएं पैर से शानदार गोल किया। ब्राजील ने 56वें मिनट में बराबरी की। गैब्रियल मागाल्हाइस के असिस्ट पर कासेमिरो ने हेडर से गोल किया। इससे 2 मिनट पहले उनका हेडर जापान के गोलकीपर जियोन सुजुकी ने रोक लिया था।

# न्यूजीलैंड ने 27 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नॉटिंघम

बेन स्टोक्स अपने आखिरी इंटरनेशनल मैच को जीत के साथ यादगार बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 373 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी 212 रन पर सिमट गई। इसी के साथ कीवी टीम ने 27 साल बाद इंग्लैंड में कोई सीरीज जीती। टीम ने इससे पहले 1999 यह कारनामा किया था। यह न्यूजीलैंड की इंग्लैंड में 20 टेस्ट सीरीज में सिर्फ चौथी जीत है। खास बात यह रही कि टीम ने पहला टेस्ट हारने के बाद लगातार दो मुकाबले जीतकर सीरीज अपने नाम की। ऐसा उसने इंग्लैंड में दूसरी बार किया है। दूसरी ओर इंग्लैंड को 2012 के बाद पहली बार घर में तीन या उससे ज्यादा टेस्ट की सीरीज गंवानी पड़ी। मैच का सबसे बड़ा पल बेन स्टोक्स का संन्यास था। 35 साल के ऑलराउंडर ने चौथे दिन संन्यास की घोषणा की थी। टारगेट का पीछा करते हुए स्टोक्स ने पनिंग की और सिर्फ 20 गेंदों में 30 रन बनाकर तेज शुरूआत दी, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके।

# आईपीएल क्रिकेटर शशांक, उनके आईपीएस पिता पर भोपाल में एफआईआर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

**अच्छा खाना नहीं बनाने पर कुक को पीटा-गालियां दीं, रोते हुए वीडियो किया जारी**

मध्यप्रदेश के भोपाल में आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह और उनके पिता रिटायर्ड स्पेशल डीजी शैलेष सिंह आईपीएस पर कुक से मारपीट और गाली-गलौज की एफआईआर दर्ज हुई है।

पीड़ित विपेंद्र सिंह तोमर का आरोप है कि खाना पसंद नहीं आने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई। जब उसने काम छोड़ने की बात कही तो मोबाइल छीन लिया गया, जबरन काम कराया गया और बाद में शैलेष सिंह, शशांक और उनके ड्राइवर ने मिलकर मारपीट की। घटना के बाद युवक ने रोते हुए अपना वीडियो भी जारी किया है। इसके बाद भोपाल के रातीबड़ थाना पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रीवा निवासी विपेंद्र सिंह तोमर (31) ने बताया कि परिचित मोहित सिंह सेंगर के जरिए उसे भोपाल बुलाया गया था। उससे कहा गया कि शैलेष सिंह के यहां खाना बनाने का काम करना है और बाद में सरकारी नौकरी लगवाने में मदद की जाएगी। नीलबड़ स्थित घर पर 15 हजार रुपए मासिक वेतन, रहने और खाने की व्यवस्था तय हुई थी। पीड़ित के मुताबिक, काम शुरू करने के कुछ घंटे बाद लगातार काम कराया जाने लगा। पुराने कुक को भी गालियां दी जा रही थीं।

## खबर एक नजर...

### रेलवे स्टेशन पर मिली महाराष्ट्र की अपहृत बालिका

**उज्जैन।** महाराष्ट्र के ठाणे में रहने वाली 17 वर्षीय बालिका कुछ दिनों पहले लापता हो गई थी। कलवा थाना पुलिस ने बालिका के परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। सोमवार को बालिका की लोकेशन उज्जैन रेलवे स्टेशन पर मिलते ही कलवा थाना पुलिस ने जीआरपी उज्जैन से संपर्क किया। थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने टीम को अलर्ट किया और प्लेटफार्म पर बालिका की तलाश शुरू की। जिसे लोकेशन के आधार पर कुछ देर बाद स्टेशन परिसर ने दस्तयाब कर लिया गया। बालिका के साथ युवक भी था, उसे हिरासत में लिया गया। बालिका की लोकेशन उज्जैन की मिलने पर महाराष्ट्र कलवा थाना पुलिस पहले ही निकल चुकी थी। शाम को उज्जैन पहुंचने पर जीआरपी ने बालिका और उसके साथ हिरासत में युवक को सौंपा। दोनों को महाराष्ट्र ले जाया गया है।

### मोबाइल चोरी करते पकड़ाया पारदी गिरोह का नाबालिग

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी रामघाट स्थित आरती स्थल पर पंडित राजेश पिता विद्याधर त्रिवेदी की जेब से भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों की मदद से पकड़ा गया। मामले की खबर मिलते ही महाकाल थाना पुलिस रामघाट पहुंची और युवक को हिरासत में लिया गया। उसके पास से राजेश त्रिवेदी की जेब से चोरी किया गया 35 हजार कीमत का मोबाइल जप्त कर लिया गया। युवक को थाने ले जाया गया, जहां पूछताछ में पारदी गिरोह का नाबालिग बदमाश होना सामने आया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि नाबालिग के खिलाफ पूर्व में भी 2 अपराध दर्ज होना सामने आये है। वह मक्सीरोड शंकरपुर क्षेत्र का रहने वाला है। पंडित राजेश त्रिवेदी की शिकायत पर उसके खिलाफ मोबाइल चोरी का प्रकरण दर्ज कर बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

### अधिकतम-न्यूनतम तापमान में दर्ज की गई तेजी

**उज्जैन।** मानूसन की दस्तक के बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी। सोमवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 10 डिग्री का फासला रहा गया था। लेकिन तापमान में तेजी आई थी। जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि रविवार-सोमवार रात न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री की तेजी आई थी और 25.5 डिग्री दर्ज हुआ था। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान भी 2.2 डिग्री बढ़ा 35.5 डिग्री दर्ज हुआ। अधिकतम-न्यूनतम में 10 डिग्री का फासला बना हुआ है। जिस तरह से मानसून के आसार दिखाई दे रहे है। उससे आगामी दिनों में दिन-रात के तापमान में गिरावट आयेगी, लेकिन कुछ दिनों तक उतार-चढ़ाव भी बना रहेगा। पिछले कुछ दिनों में 194 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे उमस महसूस हो रही है। यहीं वजह है कि सोमवार को तापमान में तेजी दर्ज हुई है।

### नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने गाय को मारी टक्कर

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम करोदिया रोड नयापुरा में हनुमान मंदिर के सामने सोमवार सुबह ट्रेक्टर दौड़ा रहे नाबालिग ने गाय को टक्कर मार दी। घटनाक्रम में गाय बुरी तरह घायल हो गई। लोगों को गुस्सा भड़क गया, मामले में पुलिस ने मौके पर पहुंची ट्रेक्टर जप्त किया और नाबालिग को पकड़ा। वहीं मामले में राधेश्याम पिता कमलसिंह भाटी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। ट्रेक्टर मालिक मुकद्दर खान निवासी पैतीसारोड होना सामने आया। नाबालिग चालक उसका पुत्र था।

### हत्या के आरोपी को कोर्ट पेश कर लिया जायेगा रिमांड

**उज्जैन।** बिरलाग्राम में रविवार शाम शराब पीने के बाद बीड़ी मांगने पर हुए विवाद में मोहनलाल पिता अंबाराम ढोली 55 साल ने तलवार से हमला कर 19 साल के जयप्रकाश उर्फ टक्कू पिता राकेश परिहार की हत्या कर दी थी। रात में पुलिस ने आरोपी मोहनलाल को राउंडअप कर लिया था। सोमवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर तलवार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है।

### कबीर के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक : डॉ उमा वाजपेयी

**उज्जैन।** संत कबीर का मानना था कि ईश्वर की प्राप्ति बाहरी कर्मकांडों से नहीं, बल्कि निर्मल हृदय, सच्चे आचरण और प्रेम से होती है। उनकी वाणी आज भी समाज को आत्मचिंतन, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखाती है। उनके प्रसिद्ध दोहे जीवन के व्यावहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हैं। आज के समय में, जब समाज अनेक प्रकार के विभाजनों और तनावों का सामना कर रहा है, कबीर के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। उनका संदेश हमें आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। यह उद्गार साहित्यकार डॉ उमा वाजपेयी ने मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य कला एवं दर्शन को समर्पित भाव प्रबोध संस्था की स्थापना कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ उर्मी शर्मा ने की।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256-9 | 120-3 |
| मेन बाजार | 238-3 | 666-8 |
| मिलन डे | 677-0 | 389-0 |
| मिलन नाइट | 167-4 | 779-3 |

1 2 9

---

### तैयारियों को लेकर होमगार्ड डीजी ने सैनिकों की भूमिका को किया रेखांकित

# आपदा और सुरक्षा प्रबंधन का सबसे बड़ा अवसर सिंहस्थ





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ महाकुंभ 2028 में होमगार्ड विभाग की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। विभाग द्वारा प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर तैयारियां कर रहा है। होमगार्ड की तैयारियों को लेकर विभाग की महानिदेशक (डीजी) 2 दिनों के प्रवास पर उज्जैन पहुंची थी। उन्होने सैनिकों की भूमिका को रेखांकित किया वहीं क्षिप्रा नदी किनारे बन रहे 30 किलोमीटर के घाटों का जायजा लिया।

होमगार्ड सिविल डिफेंस और आपदा प्रबंधन की महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव रविवार को सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की तैयारियों का जायजा लेने के लिये 2 दिवसीय प्रवास पर उज्जैन आई थी। उन्होने पहले दिन बाबा महाकाल के दर्शन किये और सिंहस्थ महाकुंभ के आपदा मुक्त आयोजन की कामना की। प्रथम दिन उन्होने होमगार्ड की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और कार्ययोजना को समझा। उनका मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ में देश-दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करना था। दूसरे दिन सोमवार को कालिदास अकादमी के सभागार में उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह उपस्थित थे। उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम का संचालन जिला सेनानी संतोष कुमार जाट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले आपदा मित्रों और सिविल डिफेंस वॉलेटिंसर्य के अनुभवों को मंच से साझा किया। इस दौरान आपदा महिला मित्र को अपने अनुभव साझा करने के दौरान झिझक और घबराहट महसूस होती देख महानिदेशक खुद उनके पास पहुंची और हौसला अफजाई की मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर सिंह ने सिंहस्थ 2028 की व्यापक योजना, घाट प्रबंधन, भीड प्रबंधन, सेटेलाईट टाउंन मार्ग की जानकारी देते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा के सिविल डिफेंस वालंटियर्स, आपदा मित्रों और होमगार्ड सैनिक जिस प्रकार अब तक के मानसून और स्थानीय धार्मिक आयोजनों में अपनी ड्युटी कर रहे है। वह सराहनीय है। आगामी सिंहस्थ का आपदा मुक्त सफल आयोजन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। होमगार्ड महानिदेशक ने अपने उद्बोधन में सिविल डिफेंस वालंटियर्स, आपदा मित्र और होमगार्ड सैनिकों की महती भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि सिंहस्थ 2028 न केवल एक महान धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह हमारे आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा तंत्र की तत्परता एवं दक्षता को प्रदर्शित करने का सबसे बड़ा अवसर भी है। उन्होने होमगार्ड जवानों को निस्वार्थ सेवा देने का संकल्प दिलाया। अंत में कार्यक्रम का आभार संभागीय सेनानी रोहिताश पाठक द्वारा माना गया।

#### क्षिप्रा के घाटो चेतावनी संकेतकों के निर्देश

कालिदास अकादमी में उच्च स्तरीय संवाद कार्यक्रम के बाद महानिदेशक क्षिप्रा नदी के तटों पर निर्मित और निमाणार्धीन 30 किलोमीटर लंबे नए घाटों का निरीक्षण करने पहुंची। त्रिवेणी मंदिर के निकट घाट का अवलोकन कर घाटों पर सुरक्षा रेलिंग तथा गहरे पानी के चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश जारी किये उसके बाद आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक तैयारियों को परखने के लिए पवित्र रामघाट पर पहुंची। जहां होमगार्ड/एसडीआरएफ सैनिकों के लिए आयोजित 7 दिवसीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सैनिकों ने अत्याधुनिक मोटर बोट, गहरे पानी में खोजबीन करने वाले उपकरणों ड्राय रेस्क्यू और तैराकी तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

# बड़नगर में वेन धमाका मामले में फरार 5 आरोपी और गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मोहर्रम जुलूस के दौरान बड़नगर में 40 फीट ऊंचाई पर वेन लटका कर धमाका करने के मामले में फरार चल रहे 5 आरोपी सोमवार को गिरफ्त में आ गये। अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य का पता लगाने के लिये 2 को रिमांड पर लिया गया है।

23-24 जून की रात बड़नगर के स्तंभ चौक में मोहर्रम जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने अखाड़े में प्रदर्शन करते हुये क्रेन की मदद से वेन को 40 फीट की ऊंचाई पर लटकाया था और लिखा था 'लो फिर आ गये'। कुछ देर बाद वेन में धमाका किया गया। धमाके का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सार्वजनिक शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने का प्रकरण दर्ज कर धमाका करने वाले 4 आरोपी शोएब, जाहिद, तपसील उर्फ तस्लीम और अखाड़ा संचालक निवासी अडान मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया था। उनके साथियों की तलाश जारी थी। थाना प्रभारी कलमेश सिंघार ने बताया कि रविवार-सोमवार रात मामले से जुड़े 5 आरोपियों की ओर गिरफ्तारी की गई। जिन्हे सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 2 आरोपित अयान और मोइन को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। वहीं नाहरू, इम्तियाज और रईस को जेल भेजा गया। अब तक 9 की गिरफ्तारी हो चुकी है, 7 न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गये है। रिमांड पर 2 आरोपितों से अन्य साथियों की जानकारी जुटाकर पता लगाया जा रहा है कि विस्फोट के पीछे उनका मकसद क्या था और धमाके की योजना किसने बनाई थी।

### सिर में चोंट लगने पर हुई, पुत्र को देख बदहवास बेहोश हुये माता-पिता

# छत भराई की मिनी मशीन 8 साल के मासूम पर गिरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



निर्माणाधीन मकान में सोमवार दोपहर हुए हादसे में 8 साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। पुत्र का शव देख माता-पिता बेहोश हो गये। मासूम पर छत भराई की मिनी लिफ्ट मशीन गिरी थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि इंदिरानगर में निर्माणाधीन मकान में 8 साल के मासूम नैंस पिता हेमराज मेनिया पर मिनी लिफ्ट मशीन गिरने से हुई मौत की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मासूम को निजी अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि करने के बाद शव को चरक अस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मासूम के पिता हेमराज अपनी पत्नी और 2 बच्चों के साथ इंदिरानगर में निमार्णाधीन मकान पर मजदूरी के लिये आये हुये थे। परिवार आगर-मालवा के नलखेड़ा का रहने वाला है। निर्माणाधीन मकान धनश्याम चेतनानी का बताया जा रहा है। जहां ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये पैतृक गांव लेकर गये है। कुछ दिनों बाद परिवार के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

#### दूसरी मंजिल पर खेल रहा था मासूम

बताया जा रहा है कि मासूम नैंस मकान की दूसरी मंजिल पर खेल रहा था। उसके माता-पिता काम में लगे थे, वहीं 3 साल की छोटी बहन माता-पिता के साथ थी। निर्माण कार्य में लगे दूसरे मजूदर छत भराई के लिये मिनी लिफ्ट मशीन को कसने का काम कर रहे थे उसी दौरान मशीन नीचे गिरी। मासूम के सिर में चोंट लगने पर उसकी मौके पर मौत हो चुकी थी।

#### माता-पिता शव देख हुये बेहोश

हादसे के बाद काम करने में वालों में हडकंप मच गया था। मासूम पुत्र नैंस के दबने की खबर लगते ही माता-पिता दूसरी मंजिल पर पहुंचे। उन्होने पुत्र को देखा तो दोनों बेहोश हो गये। मासूम के सिर में गंभीर चोंट लगी थी। पोस्टमार्टम के दौरान भी माता-पिता बदहवास हालत में थे, परिवार के अन्य लोग खबर लगने पर उज्जैन पहुंच गये थे। नैंस परिवार का एकलौता पुत्र था।

### चार माह से थी तलाश, केन में भरी मिली कच्ची शराब

# गिरफ्त में किंग बताकर अवैध वसूली करने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



खुद को किंग बताकर 10 हजार की अवैध वसूली का प्रयास करने वाला बदमाश चार माह से फरार चल रहा था। रविवार-सोमवार रात कस्बा भ्रमण के दौरान बदमाश को हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 23 फरवरी को फकीर मोहल्ला में रहने वाले नवाब पिता मुजम्मिल शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में उसके घर पर निजाम उर्फ निजामुद्दीन पिता मोईनउद्दीन शाह अपने भाईयों शाहबुद्दीन शाह, मोईन शाह और पिता मोईनउद्दीन शाह के साथ आया था। निजाम उर्फ निजामउद्दीन ने खुद को महिदपुर का किंग बताया और बोला कि तुझे यहां रहना है तो हमारे घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों का मेंटनेंस प्रतिमाह 10 हजार रुपए देना होगा। धमकाकर जबरदस्ती अवैध वसूली का प्रयास कर रहे चारों का विरोध किया तो उन्होने लोहे के पाईप से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। नवाब की शिकायत पर तत्कालीन थाना प्रभारी ने मामला दर्ज किया था और माईनउद्दीन के साथ उसके पुत्र शाहबुद्दीन और मोईन को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन निजाम उर्फ निजामउद्दीन लगातार फरार चल रहा था। चार माह बाद रात्रि में कस्बा भ्रमण पर एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह और टीम के साथ निकले थे। उसी दौरान हाथ में केन लेकर एक व्यक्ति जाता दिखाई दिया, शंका के आधार पर उसकी घेराबंदी की गई और पकड़ा गया तो चार माह से फरार निजामउद्दीन होना सामने आया। उसके पास से केन में भरी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। थाने लाकर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया और पूर्व में दर्ज अवैध वसूली के प्रकरण में गिरफ्तारी की गई। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार आरोपी निजाम उर्फ निजामउद्दीन वर्ष 2012 से अपराधों में लिप्त है। उसके खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला, दंगा करने, जुआ सट्टा, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट जैसे 21 गंभीर अपराध पूर्व से दर्ज है।

### रात डेढ़ बजे घर में सो रहे मिस्त्री को सांप ने काटा

# अस्पताल में हुई मौत, सुबह सांप को पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

घर में सो रहे मिस्त्री को रात डेढ़ बजे जांघ पर जलन महसूस हुई, उसी आंख खुली तो सांप दिखाई दिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के गांधीनगर का है। यहां रहने वाला राजेश पिता रतनलाल 40 साल मिस्त्री का काम करता था। रात में परिवार के साथ घर में सोया हुअ था। डेढ़ बजे जांघ पर जलन होने पर आंख खुलने पर उसे सांप दिखाई दिया। उसका शोर सुनकर परिवार जाग गया। सांप घर में सामान के बीच चला गया। कुछ देर बाद राजेश की हालत बिगड़ने लगी। उसे अस्पताल लाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घर में सांप के होने पर परिवार को कोई सदस्य अंदर नहीं गया। सुबह सांप पकड़ने वालों को बुलाया गया, करीब आधे घंटे बाद सर्पमित्र द्वारा सांप का रेस्क्यू कर लिया गया। इधर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर राजेश का पोस्टमार्टम कराया। मृतक 2 बच्चों का पिता था। विदित हो कि बारिश के चलते जहरीली जानवरों का बिलों से निकलना शुरू हो गया है। ऐसे मौसम में सावधान रहने की जरूरत है। प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले सामने आते है।

#### शराब नहीं लाने पर युवक को मारे 8 चाकू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तीन दोस्त रविवार-सोमवार रात शराब पीने पहुंचे थे। रात 1 बजे शराब खत्म होने पर 2 ने कहा कि ओर शराब लेकर आओ। तीसरे साथी ने मना कर दिया, जिसको लेकर विवाद हुआ और दोनों ने 8 चाकू मारकर घायल कर दिया। आगर नाका का रहने वाला इमरान पिता अब्दुल कादर अपने 2 साथी आसिफ चीना और शाकिब के साथ रविवार रात गरोठ ब्रिज के नीचे आगररोड पर शराब पीने पहुंचा था। तीनों ने पहले साथ शराब पी, रात 1 बजे के लगभग शराब खत्म होने पर इमरान से ओर शराब लाने की जिद करने लगे। इमरान ने शराब लाने से माना किया तो आसिफ और शाकिब ने विवाद शुरू कर दिया। उनके बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों ने चाकू से इमरान पर वार कर दिये। 8 चाकू लगने पर इमरान लहूलुहान हो गया। दोनों हमलावर भाग निकले। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को चरक अस्पताल लाया गया। जहां वह बेहोशी की हालत में था। सोमवार सुबह होश आने पर उसके बयान लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि चाकू मारने वाले दोनों आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। घायल की हालत खतरे से बाहर है।

### घाटाखेड़ी से लाकर बेचने वाला गिरफ्तार, दोनों से रिमांड पर पूछताछ

# वाइन शॉप में मिला ड्रग्स खरीदने आया मुम्बई का युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रात्रि गश्त में पुलिस ने गरोठ 8 लेन छज्जूखेड़ी से एक युवक को मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने मुम्बई के युवक को बेचने की बात कहीं। पुलिस ने कार से निकले मुम्बई के युवक की तलाश शुरू की तो वाइन शॉप में मिला। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया है।

राघवी पुलिस ने रविवार-सोमवार रात्रि गश्त के दौरान छज्जूखेड़ी से ईश्वर पिता तूफानसिंह 22 साल निवासी टीपूखेड़ा झारडा को पकड़ा गया था, उसके पास से मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद की गई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह मुम्बई के मलाड़ में रहने वाले विनोद पिता रामकृष्ण सिरभाते को ड्रग्स देने आया था। मुम्बई के युवक की जानकारी लेने पर पता चला कि फार्च्युनर कार से निकला है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की तो उक्त कार घौंसला वाइन शॉप के सामने खड़ी मिली। पुलिस ने चालक के लौटने का इंतजार किया उसके आते ही उसे भी दबोच लिया। दोनों के पास से 19 ग्राम के लगभग ड्रग्स बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने बताया कि दोनों को सोमवार दोपहर उज्जैन कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

#### घाटाखेड़ी के मेहरबान से लाता था ईश्वर

बताया जा रहा है कि ईश्वर से पूछताछ में पता चला कि वह डग बडौद स्थित घाटाखेड़ी के मेहरबान से ड्रग्स लेकर आता था। उसने कई लोगों से संपर्क बना रखा है, जो मादक पदार्थ का सेवन करते है। वह पिछले सालभर से ड्रग्स लाकर लोगों को बेचने का काम कर रहा है। राघवी पुलिस तस्कर का नाम सामने आने पर उसकी तलाश में घाटाखेड़ी जा सकती है। जानकारी यह भी सामने आई कि मुम्बई का विनोद पूर्व में भी ड्रग्स लेने आ चुका है। उसे नशे का शौक है, वह किराये से कार लेकर उज्जैन आया था। ईश्वर से उसका संपर्क 8 माह पूर्व हुआ था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com